**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 200 लखनऊ, शुक्रवार 13 मार्च 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## एलपीजी सिलेंडर को लेकर सियासत तेज, प्रधानमंती ने कहा- अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखो, जमाखोरी करने वाले जाएंगे जेल

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री का कहना था कि मौजूदा स्थिति किसी एक देश तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण दुनिया के कई देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत की तैयारियां मजबूत हैं और सरकार किसी भी तरह की आपूर्ति बाधा से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। देश में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उठी आशंकाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्रीय मंत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी तरह के दुष्प्रचार और घबराहट फैलाने की कोशिशों का आक्रामक तरीके से जवाब दिया जाए। मोदी सरकार ने साफ किया है कि देश में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है और किसी भी संकट से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां पहले से मौजूद हैं।सूत्रों के अनुसार मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि कुछ लोग एलपीजी आपूर्ति की स्थिति को लेकर अनावश्यक घबराहट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मंत्रियों को निर्देश दिया कि ऐसी हर कोशिश पर कड़ी नजर रखी जाए और तथ्यों के साथ उसका तुरंत जवाब दिया जाए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया सहित हर मंच पर विपक्ष के दुष्प्रचार का



आक्रामक तरीके से जवाब दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री का कहना था कि मौजूदा स्थिति किसी एक देश तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण दुनिया के कई देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत की तैयारियां मजबूत हैं और सरकार किसी भी तरह की आपूर्ति बाधा से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। सरकार का जोर इस बात पर है कि घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न होने दी जाए।इसी बीच, केंद्र सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर भी सख्त कदम उठाए हैं। गृह सचिव गोविंद मोहन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों के साथ विस्तृत बैठक कर देशभर में एलपीजी की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। लगभग दो घंटे चली इस बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।बैठक में राज्यों को निर्देश दिया गया कि एलपीजी से जुड़ी पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसमें बोटलिंग प्लांट, वितरण नेटवर्क और परिवहन व्यवस्था की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि स्थानीय स्तर पर रोजाना एलपीजी की उपलब्धता की समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कालाबाजारी की कोशिशों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई करें।सूत्रों के अनुसार रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को भी एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को दी जाने वाली एलपीजी आपूर्ति पर कुछ नियंत्रण लगाए हैं, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त गैस उपलब्ध रह सके। हालांकि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसी आवश्यक सेवाओं पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे।इसके साथ ही गृह मंत्रालय ने चौबीस घंटे संचालित होने वाले अपने नियंत्रण कक्ष को और मजबूत किया है। इसमें सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा पेट्रोलियम मंत्रालय के नोडल अधिकारियों को भी शामिल किया गया है, ताकि राज्यों के साथ बेहतर समन्वय, तथ्य जांच और वास्तविक समय में स्थिति स्पष्ट करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।दूसरी ओर विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर बना हुआ है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए सरकार की आलोचना की और इसे लाइन लगाओ योजना करार दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि जनता के बीच पैनिक न फैलाया जाये जबकि वह खुद ही घबराये हुए हैं। हम आपको यह भी बता दें कि इस मुद्दे को लेकर आज विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन भी किया। विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि देश के कई शहरों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और आम जनता को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसदों ने सरकार से स्थिति स्पष्ट करने और आपूर्ति सामान्य रखने की मांग की। हालांकि सरकार का कहना है कि विपक्ष जानबूझकर भय और भ्रम का माहौल बना रहा है। सरकार ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या गिरोह एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी या कालाबाजारी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या दौरे से पहले एक्शन में मुख्यमंती, योगी अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

संवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की 19 मार्च को होने वाली अयोध्या यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया, जहाँ वे राम मंदिर में दर्शन करेंगी। इस दौरे के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या के सीएफसी सभागार में राष्ट्रपति की प्रस्तावित अयोध्या यात्रा के संबंध में समीक्षा बैठक की। अयोध्या के जिला मजिस्ट्रेट निखिल टिकाराम फुंडे ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करेंगी। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए जिला मजिस्ट्रेट फुंडे ने कहा कि राष्ट्रपति की यात्रा की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं।योगी ने कहा कि राष्ट्रपति 19 मार्च को जिले में आ रही हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। आयुक्त, एडीजी और डीआईजी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी को निर्देश मिल चुके हैं। सभी विभाग उसी के अनुसार काम कर रहे हैं और 19 तारीख का कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित किया जाएगा। 19 तारीख हिंदू नव वर्ष का पहला दिन भी है।उन्होंने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए, हम यहां लोगों के लिए सुगम दर्शन सुनिश्चित करेंगे। हम यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था कर रहे हैं कि यहां आने वाले सभी श्रद्धालु दर्शन कर सकें। उस दिन मंदिर के दर्शन एक घंटा पहले शुरू होंगे और देर




रात तक जारी रहेंगे... आम श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए, कोई वीवीआईपी पास या कोई विशेष पास जारी नहीं किया जाएगा। दर्शन निर्बाध रूप से जारी रहेंगे। राष्ट्रपति और हमारे गणमान्य व्यक्तियों के आगमन और पूजा के समय ही कुछ क्षणों के लिए दर्शन बंद किए जाएंगे। बाकी सभी अनुष्ठान जारी रहेंगे। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में श्जल महोत्सव 2026श को संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में जल केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से जुड़ा हुआ है।

## आयुक्तज्ञानेश कुमार की बढ़ी मुश्किलें, पक्षपात के आरोपों पर महाभियोग-आम आदमी पार्टी का साथ

एजेंसी।

दिल्ली। संजय सिंह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव नहीं लड़ते, राजनीतिक दल लड़ते हैं। वे हमारी शिकायतें नहीं सुन रहे हैं। ज्ञानेश कुमार को इस तरह का रवैया अपनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इसलिए आम आदमी पार्टी महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन कर रही है। आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्तावित महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन करने की घोषणा की। पार्टी का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार ने पार्टी की शिकायतों को नजरअंदाज किया और कथित चुनावी अनियमितताओं को होने दिया। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी ने इस प्रस्ताव का समर्थन करने का फैसला किया है। पार्टी का आरोप है कि भारत निर्वाचन आयोग दिल्ली में भाजपा सांसदों के पते पर फर्जी मतदाता पंजीकृत होने की शिकायतों पर कार्रवाई करने में विफल रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं। सिंह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव नहीं लड़ते, राजनीतिक दल लड़ते हैं। वे हमारी शिकायतें नहीं सुन रहे हैं। ज्ञानेश कुमार को इस तरह का रवैया अपनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इसलिए आम आदमी पार्टी महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन कर रही है।इस बीच, मुख्य चुनाव आयुक्त को उनके पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने हेतु नोटिस पर हस्ताक्षर एकत्र किए जा रहे हैं। इस प्रस्ताव में ष्पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरणष सहित कई आधारों पर आरोप लगाए गए हैं। यह नोटिस, जिसे जल्द ही लोकसभा और राज्यसभा दोनों में प्रस्तुत किए जाने की संभावना है, में कुमार के खिलाफ सात आरोप सूचीबद्ध हैं। इनमें पक्षपातपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना और मतदाताओं को बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करना शामिल है। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने वाले नोटिस पर लगभग 120 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं, जबकि राज्यसभा के लिए तैयार किए गए नोटिस पर लगभग 60 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। संसदीय नियमों के अनुसार, लोकसभा में ऐसे नोटिस पर विचार करने के लिए कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। विपक्षी इंडिया ब्लॉक से संबंधित दलों के सदस्यों ने इस कदम का समर्थन किया है। घटनाक्रम से परिचित वरिष्ठ सांसदों ने बताया कि हस्ताक्षर जुटाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और गुरुवार या शुक्रवार को नोटिस जमा किए जाने की उम्मीद है। यदि नोटिस जमा किए जाते हैं, तो यह पहली बार होगा जब किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग वाला नोटिस भेजा गया है। विपक्षी दलों ने कुमार पर चल रही चुनावी पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाया है, जिसे सरकार और चुनाव आयोग ने स्वीकार नहीं किया है।

## एलपीजी संकट पर प्रियांका गांधी का पीएम मोदी को जवाब- उम्मीद है आप सही हों, लेकिन ऐसा लगता नहीं

एजेंसी।

दिल्ली। एलपीजी की कथित कमी पर प्रधानमंत्री मोदी के आश्वासन के बाद, प्रियंका गांधी वाड्रा ने संदेह व्यक्त किया है, जबकि राहुल गांधी ने इसे दोषपूर्ण विदेश नीति का परिणाम बताते हुए ऊर्जा सुरक्षा पर गंभीर चिंता जताई है। विपक्ष ने इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग करते हुए सरकार से तत्काल तैयारी करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों से घबराहट न करने का आग्रह करने और यह कहने के एक दिन बाद कि भारत कोविड महामारी की तरह ही एलपीजी सिलेंडर संकट से उबर जाएगा, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि पीएम मोदी सही हैं, लेकिन स्थिति पर संदेह व्यक्त किया। देशव्यापी एलपीजी की कमी की खबरों के बीच पीएम मोदी के आश्वासन पर कांग्रेस सांसद



ने पत्रकारों से संक्षेप में कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह सही हैं, लेकिन ऐसा लगता नहीं है।लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आने वाले दिनों में एलपीजी की समस्या और गंभीर हो जाएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नागरिकों के हितों और ऊर्जा आवश्यकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। गांधी ने कहा कि सभी ईंधन एक समस्या बनने जा रहे हैं क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा खतरे में है। दोषपूर्ण विदेश नीति ने यह समस्या पैदा की है। अब हमें तैयारी करनी होगी। हमारे पास अभी भी थोड़ा समय बचा है। सरकार और प्रधानमंत्री को तुरंत तैयारी शुरू कर देनी चाहिएय अन्यथा करोड़ों लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।विपक्ष के नेता ने आगे कहा कि ईरान ईंधन की आपूर्ति करेगा या नहीं, यह उससे कहीं बड़ा मुद्दा है। यह युद्ध मूल रूप से मौजूदा विश्व व्यवस्था से जुड़ा है। हम एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इस समय में आपको अपनी सोच बदलनी होगी। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि अब उन्हें गहराई से सोचना शुरू करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे लोगों को भारी नुकसान न हो। यह कोई राजनीतिक बयान नहीं है। मुझे एक बड़ी समस्या आती दिख रही है। समस्या यह है कि प्रधानमंत्री देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। इसका एक कारण है, और वह यह है कि वे एक जाल में फंस गए हैं। फिर भी, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत के लोग सुरक्षित रहें और हमारी ऊर्जा सुरक्षा का प्रबंधन हम स्वयं करें। प्रधानमंत्री एक जाल में फंसने के

## असम चुनाव से पहले जुबानी जंग तेज, सीएम हिमतं बोले- पवन खेड़ा का अंतिम संबोधन जेल में होगा

एजेंसी।

असम चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक जंग तेज हो गई है, जहाँ सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने पवन खेड़ा के लिए जेल की भविष्यवाणी की है। वहीं, पवन खेड़ा ने सरमा सरकार पर चुनावी लाभ के लिए काम करने और सीएम के व्यक्तिगत संबंधों को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए पलटवार किया है। अमस में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपो पर मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए असम में किसी उग्रवादी संगठन से संपर्क करने की कोशिश करने के आरोप में पवन खेड़ा के नाम पर तीन–चार मामले दर्ज किए जा चुके हैं। तो जेल कौन जाएगा? यह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा। मुझे लगता है कि पवन खेड़ा का अंतिम संबोधन असम की जेल में ही होगा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार



द्वारा महिलाओं को वित्तीय सहायता वितरण सहित अंतिम समय में उठाए गए कदम आगामी विधानसभा चुनावों में असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में वापस लाने में मदद नहीं करेंगे। गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया और संचार अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार मुख्य रूप से मुख्यमंत्री सहित अपने मंत्रियों के हितों के लिए काम करती है।गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तानी संबंधों को लेकर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए, खेरा ने दावा किया कि सरमा ने 2015 में भाजपा में शामिल होने से पहले ढाका में एक मौलवी से मुलाकात की थी। खेड़ा ने कहा कि मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे इसका खंडन करें। उन्होंने उस मौलवी की सलाह पर भाजपा में शामिल हुए।" इस आरोप पर मुख्यमंत्री या भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

खेड़ा ने कहा कि सरमा ने 2015 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और उसके बाद 2016 के असम विधानसभा चुनावों में पार्टी को पहली जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गौरव गोगोई के नेतृत्व में कांग्रेस और उसके सहयोगी राज्य में अगली सरकार बनाएंगे और जिसे उन्होंने नया असम मॉडल बताया, उसे लागू करेंगे। तुलना करते हुए, खेड़ा ने कहा कि कुछ छात्र पूरे साल पढ़ाई नहीं करते और परीक्षा से कुछ दिन पहले ही तैयारी शुरू करते हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा सरकार भी इसी तरह की स्थिति में है, जो चुनावों से ठीक पहले अचानक कदम उठा रही है।

## तेजस्वी यादव का नीतीश सरकार पर आंकड़ों से वार, कहा- बिहार हर विकास शूचकांको में फेल

एजेंसी।

पटना बिहार आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के बीच उन पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि एनडीए के शासन में बिहार विकास के सभी सूचकांकों में विफल रहा है। उन्होंने गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और शिक्षा के आंकड़ों का हवाला देते हुए राज्य को देश का सबसे पिछड़ा बताया। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में राज्य ने सभी विकास सूचकांकों पर सबसे खराब प्रदर्शन किया है। तेजस्वी का यह हमला ऐसे समय में आया है जब नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा पर हैं और आरजेडी के शासनकाल के जंगल राज के विपरीत अपने शासनकाल में हुए बिहार के विकास की बात कर




रहे हैं। नीतीश और उनकी सरकार पर हमला करते हुए तेजस्वी ने श्ग्श पर लिखा कि बिहार एक अनूठा और अद्वितीय राज्य है जहां एनडीए की दो इंजन वाली सरकार दशकों से सत्ता में है, फिर भी यह देश का सबसे गरीब राज्य है, जहां देश में सबसे अधिक पलायन, सबसे अधिक अपराध, सबसे अधिक भ्रष्टाचार, सबसे अधिक बेरोजगारी, सबसे अधिक बहुआयामी गरीबी और साथ ही देश में सबसे अधिक स्कूली शिक्षा छोड़ने की दर है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरी ओर, बिहार में देश में सबसे कम साक्षरता दर, सबसे कम प्रति व्यक्ति आय, सबसे कम किसानों की आय, सबसे कम प्रति व्यक्ति निवेश, सबसे कम प्रति व्यक्ति उपभोग, सबसे कम कंप्यूटर साक्षरता, सबसे कम बिजली की खपत, सबसे कम बुनियादी ढांचा, सबसे कम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सबसे कम औद्योगिक इकाइयां और स्कूलों में कंप्यूटर और आईसीटी प्रयोगशालाओं की सबसे कम संख्या है। नीतीश सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए आरजेडी नेता ने कहा कि देश में विकास के सभी सूचकांकों में बिहार का प्रदर्शन सबसे खराब है, शिक्षा–स्वास्थ्य सेवाओंध्सुविधाओं में सबसे खराब प्रदर्शन है, सबसे महंगी गैस, सबसे महंगी बिजली और सबसे महंगे पेट्रोल–डीजल की खरीद में भी बिहार अग्रणी है। यह बताते हुए कि बिहार में दिल्ली–मुंबई से भी अधिक महंगी संपत्ति और जमीन है, उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के 21 वर्षों में बिहार विकास के सभी मानकों, मानदंडों और सूचकांकों में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला राज्य है, लेकिन इन शर्मनाक तथ्यों और रैंकिंग के लिए किसी को भी जवाबदेह नहीं ठहराया जाताकृ बस पलटी, प्रशासनिक तंत्र, सरकारी खजाने से वोट खरीदना, वोटों की लूट और जातिवाद का सहारा लेना ही एकमात्र विकल्प है, जबकि तथाकथित सुशासन के समर्थक सत्ता का आनंद ले रहे हैं।

## फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमल पर डिप्टी सीएम का बड़ा सवाल- जम्मू में वो सुरक्षित नहीं तो आम आदमी का क्या?

एजेंसी।

जम्मू–कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले के बाद प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं, पूछा कि अगर उच्च सुरक्षा प्राप्त नेता सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिक का क्या होगा। इस बीच, एनएसजी द्वारा विफल किए गए हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। जम्मू–कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले के बाद केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और सवाल किया कि अगर इतने प्रभावशाली नेता को निशाना बनाया जा सकता है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा पर इसका क्या असर पड़ेगा। एएनआई से बात करते हुए चौधरी ने कहा कि असंबंधित मुद्दों पर राजनीतिक बहस में उलझने के बजाय, हमले के कारणों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

# जैन दर्शन और साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन



लखनऊ, (आरएनएस )। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 12 मार्च को हिंदी प्रकोष्ठ, बीबीएयू तथा उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में तीर्थंकर ऋषभदेव जन्म कल्याणक के अवसर पर 'जैन दर्शन और साहित्यरू समकालीन संदर्भ में' विषय पर आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन, विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर एवं ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला, हिंदी विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल, जैन विश्व भारती संस्थान लाडनूं के प्रो. नलिन के. शास्त्री, हिन्दी विभाग बीबीएयू के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. राम पाल गंगवार तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विश्वविद्यालय कुलगीत के पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों और शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश चंद्र नैनवाल ने किया।स्वागत वक्तव्य देते हुए प्रो. राम पाल गंगवार ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। इसके बाद प्रो. अभय कुमार जैन ने संगोष्ठी के उद्देश्य और रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन धर्म मनुष्य को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त प्राणियों के हित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के जीवन से जुड़े पहलुओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने 'असि, मसि और कृषि' की अवधारणा का जिक्र किया और बताया कि ऋषभदेव ने मानव समाज को आजीविका और व्यवस्थित जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म अहिंसा, करुणा, सह–अस्तित्व और आत्मसंयम जैसे मूल्यों पर आधारित है, जो व्यक्ति को नैतिकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने जैन दर्शन के विभिन्न दार्शनिक पहलुओं का उल्लेख करते हुए उदयगिरि और खंडगिरि गुफाओं के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन धर्म अहिंसा, क्षमा और करुणा के भाव को बढ़ावा देता है। साथ ही जैन जीवनशैली की कई परंपराएँ स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी हैं, जैसे सूर्यास्त से पूर्व भोजन करना, शाकाहार अपनाना और सादगीपूर्ण जीवन जीना।प्रो. अनिल कुमार शुक्ला ने जैन दर्शन के महत्वपूर्ण सिद्धांत अनेकांतवाद पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह सिद्धांत विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने और स्वीकार करने की प्रेरणा देता है, जिससे समाज में सहिष्णुता और संवाद की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि जैन समाज शिक्षा, व्यापार, सामाजिक सेवा और संस्कृति के क्षेत्रों में निरंतर प्रगति करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।प्रो. नलिन के. शास्त्री ने जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगंबर संप्रदायों की परंपराओं तथा आगम साहित्य की समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन साहित्य केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को जड़ता से चेतना की ओर ले जाकर जीवन में नैतिकता, अहिंसा और आत्मअनुशासन का मार्ग दिखाता है।प्रो. पवन अग्रवाल ने जैन धर्म के सिद्धांत अपरिग्रह की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते भौतिकतावाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार के बीच यह सिद्धांत अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपरिग्रह मनुष्य को सीमित आवश्यकताओं, संयमित जीवन और संसाधनों के संतुलित उपयोग की शिक्षा देता है, जिससे समाज में समरसता और संतुलित विकास को बढ़ावा मिलता है।संगोष्ठी के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए दो अकादमिक सत्र आयोजित किए गए।

# न्यायालय के आदेश के बावजूद कब्जा दिलाने की कार्रवाई अधूरी

## पीड़ित सीएम योगी से लगा रहे मदद की गुहार पुलिस बल न मिलने से टल रही कार्यवाही

प्रयागराज। सीएम योगी ने खाकी का चेहरे बदलने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, कोरोना काल में पुलिस ने दवाई के साथ कच्चा राशन व भोजन देने का काम किया था जिसके बाद से खाकी का रूप सूबे में बदला नजर आने लगा, लेकिन सीएम योगी के लाख समझाने के बावजूद सरकार की उपलब्धियों पर पलीता लगाने का आरोप प्रयागराज मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र की पुलिस पर लग रहा है।

मामला प्रयागराज मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले त्रिगुण नारायण का जिनकी पुस्तैनी संपत्ति का कब्जा का मामला पिछले कई सालों से कोर्ट में चल रहा था। जिसमें अपर जिला जजधविशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट, प्रयागराज की अदालत में लंबित इजरा वाद संख्या 01ध2025 (त्रियुगी नारायण बनाम रमेश चंद्र जायसवाल) में कब्जा दिलाने की कार्रवाई पुलिस बल के अभाव में पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने मामले में संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

अदालत के आदेश के अनुसार न्यायालय अमीन द्वारा 23 फरवरी 2026 को मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र स्थित विवादित भवन संख्या 1040, बादू नंबर 1525 पर कब्जा दिलाने की कार्यवाही के लिए पहुंच गया था। मौके पर डिक्रीदार उपस्थित मिले और उनके द्वारा बताए गए नक्शे व सीमांकन के आधार पर संपत्ति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भवन के मुख्य द्वार पर बाहर से ताला बंद था। डिक्रीदार के अनुसार उक्त संपत्ति वर्तमान में गोदाम के रूप में उपयोग में है। मौके पर ताला बंद होने और पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण कब्जा दिलाने की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी

इसके बाद न्यायालय अमीन ने अपनी आख्या अदालत में प्रस्तुत की। अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुनः कब्जा दिलाने के




लिए परवाना जारी किया है। साथ ही अदालत ने मुट्ठीगंज थानाध्यक्ष को नोटिस जारी कर निर्देश दिया है कि अमीन द्वारा मांग किए जाने पर आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए, ताकि कब्जा दिलाने की कार्यवाही विधिवत पूरी कराई जा सके। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की थी लेकिन पुलिस ने पर्याप्त बल न होने का हवाला देकर तीसरी बार कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज अनूप कुमार गुप्ता अपने बूढ़े पिता के साथ अपने हाथों में सीएम योगी की तस्वीर लेकर न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। कोर्ट का आदेश पुलिस को पीड़ित का कब्जा दिलाने का मिला होने के बावजूद खाकी की हीला सवाली से बेहद दुखी हैं ऐसे में अब पीड़ित थक–हार कर सीएम योगी से पुलिस द्वारा कार्रवाई में सहयोग करने की मांग कर रहे हैं।

# पांच माह के बेटे की गुस्से में मां ने ही कर दी हत्या

## पत्थर से हमला कर पेट फाड़ दिया, मौत के बाद लकड़ी के ढेर में लाश छिपाई

लखनऊ/प्रयागराज। सरायममरेज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव में मां ने अपने 5 माह के बच्चे की हत्या कर दी। पत्थर से वार करके उसका पेट फाड़ डाला। हत्या के बाद लाश को लकड़ी के ढेर में छिपा दिया। परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की तो बच्चे का क्षत–विक्षत शव मिला। पुलिस के अनुसार पति से झगड़े के बाद गुस्से में उसने मैंने ऐसा किया। एक ही वार में उसका पेट फट गया और उसकी जान चली गई। इसके बाद बहुत डर गई, इसीलिए शव को लकड़ी के ढेर में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायममरेज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव निवासी संतोष यादव खेती–बाड़ी करते हैं। उनकी शादी मनोरमा यादव से हुई। पांच महीने पहले मनोरमा ने एक बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम ईश्वर रखा गया। आस–पड़ोस में रहने वालों ने बताया कि पति–पत्नी में आए दिन खाना बनाने और अन्य बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था। पिछले तीन चार दिनों से लगातार दोनों में झगड़ा चल रहा था।

संतोष के नाना हरी लाल यादव ने बताया कि 11 मार्च को पत्नी से एक बार फिर झगड़ा हुआ। इसके बाद संतोष काम पर चला गया। घर में मनोरमा और उसका बेटा था। शाम को बेटा कहीं दिखाई नहीं दिया। उसके रोने की आवाज भी नहीं सुनाई दी। पूछने पर मनोरमा ने कुछ नहीं बताया। उसने कहा कि वह कुछ नहीं जानती। बच्चे के नहीं मिलने पर परिवार वाले परेशान हो गए। उन्होंने संतोष को फोन कर जानकारी दी।संतोष ने कुछ देर में लौटने की बात कही। उधर, मनोरमा चुप्पी साधे रही। रात 10 बजे के करीब परिवार वाले तलाश करते हुए टिन शेड वाले उस कमरे में पहुंचे, जहां खाना बनता था। यहां लकड़ी के ढेर के नीचे बच्चे का क्षत–विक्षत शव पड़ा देख परिजन



चीखने लगे। जानकारी पर संतोष भी आ गया।इसके बाद मनोरमा से परिवार वालों ने सख्ती से पूछताछ की। इस पर उसने बताया कि मैंने ही शाम 6 बजे के करीब गुस्से में पत्थर मारकर बेटे को मार डाला। पति से झगड़े के बाद मेरा खून खौल उठा था और इसके बाद ही मैंने यह कदम उठाया। कहा कि मैं बच्चे को मारना नहीं चाहती थी, लेकिन गुस्से में किए गए एक वार से ही उसका पेट फट गया। कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद मैं डर गई और लाश को लकड़ी के ढेर में छिपा दिया।

# राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर अयोध्या में तैयारियों की समीक्षा, रामनवमी व्यवस्थाओं पर भी दिए निर्देश

लखनऊध्अयोध्या।(आरएनएस ) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक



दिशा–निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। सुरक्षा, साफ–सफाई और आगंतुकों के प्रवास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रपति के आगमन मार्ग पर प्रत्येक 500 मीटर की दूरी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा इन स्थलों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने कहा कि अयोध्या एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति के स्वागत के लिए स्कूली बच्चे तिरंगा लेकर उपस्थित रहेंगे। मंच पर उपस्थित लोगों की सूची पहले से तैयार की जाए। पूज्य संतों के आगमन और ठहरने की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखी जाएं। कार्यक्रम में वाल्मीकि मंदिर, सिख और जैन समुदाय के संतों व महंतों को भी आमंत्रित किया जाए तथा समाज के प्रतिष्ठित लोगों को भी आमंत्रण दिया जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि खाली पड़े स्थानों पर साफ–सफाई कराते हुए उपयुक्त स्थानों पर गमले लगाए जाएं। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टेशन और टैक्सी स्टैंड पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए और आने वाले व्यक्तियों का पूर्व सत्यापन कराया जाए। जांच एजेंसियों को सक्रिय रखते हुए एंटी–ड्रोन कंट्रोल रूम को अलर्ट रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और ट्रस्ट के पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करें।मुख्यमंत्री ने आगामी रामनवमी पर्व की तैयारियों की भी समीक्षा की और कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। रामनवमी अयोध्या के प्रमुख पर्वों में से एक है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फुटपाथ खाली रखे जाएं, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। संभावित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए और दर्शन–पूजन कार्यक्रम को स्क्रीन के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए।उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने तथा संदिग्ध और देशविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में बिना जांच के किसी को भी प्रवेश न दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या आने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी तक गोल्फ कार्ट संचालित किए जाएंगे, जिससे उन्हें अधिक दूरी पैदल न चलना पड़े। उन्होंने वीआईपी मूवमेंट को न्यूनतम रखने के निर्देश भी दिए, ताकि आम श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।उन्होंने पार्किंग व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने और सड़कों के किनारे वाहनों की पार्किंग न होने देने के निर्देश दिए। विभिन्न स्थानों पर सेवा भाव से पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया। इस अवधि में रामपथ, धर्मपथ सहित प्रमुख मार्गों पर शराब और मांस–मदिरा की बिक्री पूर्णतया प्रतिबंधित रखने के निर्देश भी दिए गए।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने परिक्रमा मार्ग और मंदिर म्यूजियम के निर्माण की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए।अयोध्या भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी मंदिर और राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन–पूजन किया तथा श्रीराम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

# हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

प्रयागराज। नवाबगंज हाईवे पर शहाबपुर गांव के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक घायल हो गए।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज के तजिया गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने के बाद चार युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। सोमवार रात करीब 11रू30 बजे नवाबगंज से सोरांव जाने वाले बाईपास पर शहाबपुर गांव के पास एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।इस हादसे में थरवई थाना क्षेत्र के तकिया गारापुर निवासी पंकज पटेल (18) पुत्र चंद्रभूषण पटेल और कादीपुर सुपराबारी निवासी ज्ञान चंद्र पटेल (26) की मौके पर ही मौत हो गई। नीरज समेत दो अन्य युवक घायल हुए हैं। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़िहार ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में स्वरूप रानी अस्पताल, प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत हुई है और दो का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अज्ञात ट्रक की [illegible] है।

# डायबिटीज और उच्च रक्तचाप किडनी रोग के प्रमुख कारण- डा. अरविंद गुप्ता

प्रयागराज। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में विश्व किडनी दिवस के अवसर पर एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किडनी रोगियों के लिए विशेष डाइट चार्ट का विमोचन प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. वी.के. पांडेय एवं एसआईसी डॉ. नीलम सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम में किडनी रोगों की बढ़ती समस्या, उनके बचाव, समय पर जांच तथा संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम का आयोजन नेफ्रोलॉजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सौम्या गुप्ता द्वारा किया गया तथा इसका नेतृत्व नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता एवं यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया ने किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि आज के समय में डायबिटीज और उच्च रक्तचाप किडनी रोग के प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं। यदि इन बीमारियों को नियंत्रित रखा जाए, पर्याप्त पानी पिया जाए और समय–समय पर किडनी की जांच कराई जाए तो किडनी की गंभीर बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मोहित जैन, डॉ. श्रीश मिश्रा, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. संतोष मौर्य सहित अन्य संकाय सदस्य, रेजिडेंट चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों एवं आमजन को किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।




# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती से मिले अखिलेश यादव, लिया आशीर्वाद

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ में ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने पूज्य शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी शुभ कार्य शुरू करने से पहले साधु–संतों का आशीर्वाद मिल जाए तो उससे बेहतर कोई बात नहीं होती।मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से नकली संतों का अंत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के भीतर अच्छा करने की इच्छा होती है और उसके भीतर पाप–पुण्य तथा अच्छे–बुरे के बीच संघर्ष चलता रहता है। ऐसे समय में हम सबके भीतर सुदर्शन चक्र जैसी शक्ति होनी चाहिए, जिससे समाज में फैले पाप और बुराइयों को मिलकर समाप्त किया जा सके।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के दौरान गाय की सेवा और संरक्षण के लिए कई फैसले लिए गए थे। उन्होंने कहा कि कन्नौज में उत्तर प्रदेश का पहला काऊ मिल्क प्लांट स्थापित कराया गया था, जहां देशी गाय के दूध से उत्पाद तैयार किए जाते थे। इससे गायों की सेवा के साथ–साथ लोगों की आर्थिक समृद्धि भी बढ़ती।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने कन्नौज के इस आधुनिक काऊ मिल्क प्लांट को बंद कर दिया, जबकि वहां ट्रेटा पैकिंग में दूध और अन्य उत्पाद उपलब्ध कराए जाते थे।प्रदेश की कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले कुछ समय से ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश में सरकार ही नहीं है और लगातार घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया पर भी दबाव बनाया जा रहा है कि सच्ची घटनाएं सामने न आएं।रसोई गैस संकट को लेकर उन्होंने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों को जिम्मेदार ठहराया।

अखिलेश यादव ने कहा कि गलत नीतियों के कारण लोगों को फिर से लकड़ी और चूल्हे पर खाना बनाने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। उनके अनुसार एलपीजी की कमी की पूरी जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार की है, जो अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही हैं।

# सामाजिक न्याय के लिए समता सम्मेलन 14 मार्च को

प्रयागराज। यूजीसी एक्ट 2026 बचाओं समता आंदोलन, इलाहाबाद, संयोजक –डॉ कमल उसरी ने कहा कि 13 जनवरी 2026 को यूजीसी ने (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 को अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य भेदभाव को समाप्त करना और सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में समान अवसर सुनिश्चित करना था, जिसका स्वागत सभी सभ्य समाज के नागरिकों को करना चाहिए था मगर अफसोस केंद्र सरकार की गलत नीयत और कमजोर पैरवी और वर्णव्यवस्था पोषक जातिवादियों के दबाव से सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्थगनादेश दे दिया है, जिसके खिलाफ संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से संविधान लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता, बंधुता में विश्वास करने वाले लोग भी यूजीसी एक्ट 2026 को लागू करवाने के लिए आगे आ रहे हैं।

# एक जमीन, दो शपथ पत्र! एसडीएम कोर्ट ने पूछा आखिर सच कौन सा?

सुलतानपुर(आरएनएस )। जिले के एसडीएम सदर न्यायालय में एक दिलचस्प मामला सामने आया है जहां एक ही प्रकरण में दो अलग–अलग शपथ पत्र दाखिल होने से सवाल खड़े हो गए हैं। मामला पूर्व कोषाधिकारी आत्माराम मिश्रा के पुत्र पशुपतिनाथ मिश्रा से जुड़ा है जिनसे ैक्ड ने एक हफ्ते के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल वर्ष 1997 में स्वीकृत भवन मानचित्र संख्या 292ध्97 के साथ दिए गए शपथ पत्र में भूखंड का क्षेत्रफल 126.48 वर्ग मीटर बताया गया था। लेकिन समय का पहिया घूमते–घूमते जब मामला 22 जुलाई 2023 को नए मानचित्र संख्या 392ध्23 तक पहुंचा तो उसी जमीन का क्षेत्रफल बढ़कर 157.20 वर्ग मीटर हो गया। अब सवाल यह है कि आखिर जमीन बढ़ी, नाप बदल गई या फिर शपथ पत्र की स्याही ने ही चमत्कार कर दिया? यही पहेली सुलझाने के लिए ैक्ड सदर ने पशुपतिनाथ मिश्रा से एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट जवाब मांगा है। नोटिस में साफ कहा गया है कि तय समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला तो मामला केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि विधिक कार्रवाई का रास्ता भी खुल सकता है।

# नजूल जमीन पर नक्शा पास का खेल

सुल्तानपुर(आरएनएस )। नगर में इन दिनों नजूल जमीनों पर निर्माण का खेल जोरों पर है। हैरानी की बात यह है कि जिन जमीनों पर नियमों के अनुसार नक्शा पास ही नहीं हो सकता वहीं नक्शा जमा कर एसडीएम और जेई की स्वीकृति लेकर धड़ल्ले से निर्माण खड़ा किया जा रहा है। सूत्रों की पुख्ता मानें तो इस नक्शा पास की कहानी में कागज कम और सौदे ज्यादा चल रहे हैं। कहा जा रहा है कि मोटा लेन–देन होने के बाद ही ये निर्माण इतने बेखधैफ अंदाज में आगे बढ़ रहे हैं। गोपालदास पुल के निकट, यशराज ज्वेलर्स के बगल और रुद्रनगर क्षेत्र में चल रहे कुछ निर्माण खास तौर पर संदेह के घेरे में बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब नियम साफ कहते हैं कि नजूल जमीन पर नक्शा पास नहीं हो सकता तो फिर ये मंजूरी किस जादुई कलम से मिल गई? इस पूरे मामले में एसडीएम और जेई की रहस्यमयी चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। आखिर ऐसा क्या है कि जिम्मेदार अफसर कुछ बोलने को तैयार ही नहीं? लोगों में अब यह चर्चा आम है कि कुछ तो गोलमाल है भाई३ और शायद गोलमाल थोड़ा नहीं अच्छा–खासा है। नगर में अब यह संदेश भी तेजी से फैल रहा है कि अगर जेब में नोटों की गड्डी हो और सही जगह सेटिंग हो जाए तो फिर नियम–कानून किताबों में रह जाते हैं और अवैध निर्माण जमीन पर खड़े हो जाते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इन सवालों का जवाब देता है या फिर चुप्पी ही इस कहानी का सबसे बड़ा सच बनकर सामने आती है।

# ’गीता शोध संस्थान के प्रशिक्षुओ का रास मंचन दर्शकों को आ रहा रास’

**-प्रशिक्षु कलाकारों ने ब्रज कला केंद्र दिल्ली, रंगोत्सव, ताज महोत्सव, विवि और मंगलायतन में किया श्री×ष्ण की लीलाओं का मंचन**
**-लीलाओं की प्रस्तुति देख दर्शक गदगद’**

(वृंदावन)

उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के कलाकारों ने रंगोत्सव के अंतर्गत गीता शोध संस्थान वृंदावन के ओपन एयर थिएटर में एवं दो विश्वविद्यालयों के समारोहों में रामलीला का भव्य मंचन किया।



अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक–बालिकाओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

गीता शोध संस्थान के प्रशिक्षणार्थी बालक व बालिकाओं ने 10 मार्च को स्थानीय ओपन एयर थियेटर पर ष्मुदरिया चोरीष लीला का भव्य मंचन किया। डिप्टी मेयर मुकेश सारस्वत, समाजसेवी उदयन शर्मा, कथा वाचक मोहिनी कृष्ण दासी और भजन गायक शिवम, विनय गोस्वामी व कपिल उपाध्याय आदि अतिथि थे। इससे पूर्व 19 फरवरी को शारदा विश्वविद्यालय, आगरा में ष्नित्य रासलीलाष का भव्य मंचन किया गया। दोनो मंचन का निर्देशन संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना ने किया। कोरियोग्राफी एवं कथक नृत्य का प्रशिक्षण कु. मानसी राजपूत ने दिया। हारमोनियम पर आकाश शर्मा ने संगीत की जबकि ऋतु सिंह ने वस्त्र–विन्यास का दायित्व संभाला। मनमोहन कौशिक, सुनील पाठक एवं अन्य कलाकारों ने संगीत एवं प्रस्तुति में सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन बालक– बालिकाओं ने भाग लिया।

इसी क्रम में 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में बसंत पंचमी के मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं रजिस्ट्रार ने कलाकारों का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विदित हो कि इस विश्वविद्यालय एवध साथ पूर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कला एवं आर्ट–क्राफ्ट गतिविधियों हेतु एमओयू भी संपादित हो चुका है। विगत 25 फरवरी को आगरा स्थित ताज महोत्सव 2026 में भव्य मंच पर मुदरिया चोरी एवं होली की लीलाओं का आकर्षक मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने अत्यंत सराहा। गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक (जनसंपर्क विभाग) चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे बालक–बालिकाओं ने ब्रज कला केंद्र सहित अन्य संस्थाओं में भी अपनी प्रस्तुतियों से विशिष्ट पहचान बनाई है। रासलीला प्रशिक्षण एवं मंचन का क्रम निरंतर जारी है।

# सुल्तानपुर की कवियत्री डा. निरुपमा को शिकोहाबाद में मिला सम्मान

**अवधी भाषा में उनके योगदान हेतु किया गया सम्मानित**

सुल्तानपुर(आरएनएस )। साहित्य–संगीत–कला को समर्पित संस्था शब्दम् ने 11 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद में बजाज इले.लि. आवासीय परिसर स्थित संस्कृति भवन सभागार में महिला सम्मान समारोह एवं काव्य पाठ का आयोजन किया। आपको बता दें इस समारोह में सुल्तानपुर की कवियत्री डॉ निरुपमा श्रीवास्तव ने अवधी भाषा मे एकल काव्यपाठ किया,अवधी भाषा में उनके योगदान हेतु उन्हें सम्मानित भी किया गया। डॉ. निरुपमा श्रीवास्तव ने अपने काव्य पाठ में 'दुख जौ न होये जीवन मा सुख के परिभाषा का होए,सरबस जौ पूरी रहा बोला कौनो अभिलाषा का होए। मावस बिन पूरनमासी के अस्तित्व रहे का यहि जग मा, जौ रात न होने अधियारी तौ चमके चांद कहा नभ मा..' सुनाकर लोगों को अवधी भाषा से जोड़ दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता कर रहे डॉ. ध्रुवेन्द्र भदौरिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सनातन संस्कृति नारी को पुरुष की तुलना में अत्यधिक सम्मान दिया गया है! ''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सवास्तत्राफलाः क्रिया।।'' अर्थात जहां नारी को पूजा जाता है वहां देवता निवास करते हैं और जहां नहीं पूजा जाता वहां सारी शुभ क्रिया असफल हो जाती है। वर्ष में दो बार नवरात्र में बेटियों का पूजन, और राम से पूर्व सीता,कृष्ण से पूर्व राधा,शंकर से पूर्व गौरी का नाम लिया जाता है। जन्मदात्री माता के साथ पशुओं,नदियों, ग्रन्थों और धरती को भी क्रमशः गौ,गंगा और भारत माता कहा गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण ने निकाला रैली

सुल्तानपुर (आरएनएस )। 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद में वृहद प्रचार प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रचार वाहन के साथ मोटर साइकिल रैली को जिला जज सुनील कुमार ने दीवानी परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुक्ता त्यागी ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने व जिले के लोगों को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया जिसमें पैरा लीगल वाईलेंटियरो ने मोटर साइकिल से नगर में राष्ट्रीय लोक अदालत के पंपलेट लगाएं वाहन लेकर नगर में निकले। इस दौरान जनमानस में राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए और बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमों के निपटारे हेतु वाद को संबंधित न्यायालय से मिलकर लगवाए जिससे समय से निपटारा किया जा सके। इस अवसर पर इस समस्त न्यायिक अधिकारी गण भी मौजूद रहे।




# करौदीकला-रवनिया मार्ग निर्माण में अनियमितता का आरोप

## आधी-अधूरी सड़क से बढ़ रही दुर्घटनाएं

सुलतानपुर(आरएनएस )। करौदीकला से रवनिया तक बनने वाले सड़क मार्ग के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग के निर्माण हेतु सरकार द्वारा कई करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए तथा भुगतान भी कर दिया गया, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है।ग्रामीणों के अनुसार सड़क कई स्थानों पर अधूरी छोड़ दी गई है तथा जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होने की भी शिकायत सामने आ रही है, जिससे स्थानीय जनता में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी अभाव दिखाई दे रहा है और कई स्थानों पर सड़क की हालत अत्यंत दयनीय बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि शासन और संबंधित विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर सड़क निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराए तथा दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। स्थानीय नागरिकों ने यह भी कहा कि सड़क मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाना आवश्यक है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



# केश कुमारी की छात्राओं का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट संपन्न

सुल्तानपुर(आरएनएस )। पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर की छात्राओं को शैक्षिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या ले जाया गया। जिला समन्वयक अखिलेश कुमार पांडे समग्र शिक्षा सुल्तानपुर एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अध्ययन यात्रा को रवाना किया। अध्ययन यात्रा प्रभारी डॉ दीपा द्विवेदी, सह यात्रा प्रभारी अंजना सिंह, डॉ बबिता जैन, सीमा यादव, शालिनी सिंह, साधना त्रिपाठी, पुष्प लता, सुमन, खुशबू मौर्या, विमला शर्मा, अलका सिंह, लाल चन्द्र यादव एवं रुक्मिणी छात्राओं के साथ उनकी देखरेख में गईं। इस अवसर पर छात्राओं ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि अनुसंधान केंद्रों प्रयोगशालाओं तथा फसलों के प्रायोगिक खेतों का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने छात्राओं को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, फल–सब्जी उत्पादन तथा कृषि से जुड़े नए नवाचारों के बारे में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने कृषि यंत्रों, पशुपालन, बागवानी एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से की जा रही खेती को नजदीक से देखा और उनसे संबंधित कई जिज्ञासा का समाधान भी प्राप्त किया। इस शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं को कृषि विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई जानकारी और प्रेरणा मिली। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में करियर चुनने के लिए प्रेरणा मिलती है।



# विकास प्राधिकरण ने अवैध कालोनीयों और अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

**-प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से अवैध निर्माण कर्ताओ मे मचा हड़कंप**
**-वीसी के निर्देशानुसार सचिव के नेतृत्व मे प्रवर्तन दल के साथ की बड़ी कार्यवाही**

(मथुरा )(ए.के.शर्मा)

मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण यानि एमवीडीए द्वारा लगातार अवैध कालोनीयों के विकसित करने या उनमे अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही गतिमान हैं लेकिन फिर भी अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर पूर्णतः अंकुश नहीं लग पा रहा है। प्राधिकरण द्वारा बुधवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ उपाध्यक्ष के निर्देश पर सचिव के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के दो स्थानों पर बुलडोजर चलवाकर अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण किया गया है। ध्वस्तीकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण कराने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राधिकरण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मौजा अहिल्यागंज खदवर, मथुरा तीन वन परिक्रमा मार्ग पर श्री कांशीराम शहरी आवास योजना के पास करीब 7000 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। आरोप है कि सुनील लवानिया व अन्य द्वारा भूमि का अवैध भू–विभाजन कर कच्ची सड़क बनाकर कॉलोनी बसाने का कार्य किया जा रहा था। इस मामले में प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की संबंधित धाराओं के तहत वाद दर्ज किया था।जिस पर सुनवाई के दौरान निर्माणकर्ता के उपस्थित न होने और कोई जवाब प्रस्तुत न करने पर प्राधिकरण ने 9 फरवरी 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश जारी किया। बुधवार को उपाध्यक्ष के निर्देश पर सचिव के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल के साथ थाना गोविंद नगर का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## प्राधिकरण द्वारा ग्रीन बेल्ट और सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाया

(जैत)

वही प्राधिकरण द्वारा दूसरी कार्रवाई थाना जैंत क्षेत्र के मौजा जैंत में स्वीकृत ले–आउट हरिकृपा धाम (ट्रिनिटी कॉलोनी) में की गई। यहां विकासकर्ता आर्य बिल्डकॉन प्रा. लि. द्वारा स्वीकृत सड़क और ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई में अतिक्रमण कर सार्वजनिक स्थान पर निर्माण कर लिया गया था। प्राधिकरण ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटवा दिया।

यह कार्रवाई सचिव आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई जिसमें प्रवर्तन दल के साथ थाना जैंत का पुलिस बल मौजूद रहा।प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।







# कॉनकार (CONCOR)द्वारा संचालित मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान का हुआ भव्य समापन, छात्राओं को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**आधार निर्माण फाउंडेशन द्वारा सम्पन्न हुई कार्यशाला**

विजडम इंडिया

श्रावस्ती। किशोरियों एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आधार निर्माण फाउंडेशन द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (CONCOR) के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के अंतर्गत आयोजित किया गया। अभियान की शुरुआत 13 फरवरी 2026 से की गई थी, जिसके तहत इकौना ब्लॉक के 20 प्रमुख इंटर कॉलेजों एवं आस पास के समुदायों में सेमिनार और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। बता दें कि इस कार्यक्रम का आज दिनांक 11 मार्च को भव्य समापन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इकौना जिला श्रावस्ती में किया गया। कार्यक्रम में CONCOR के सहायक अधिकारी श्री रजनीश पांडेय जी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य मैडम एवं आधार निर्माण फाउंडेशन के प्रतिनिधि विनोद द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ प्रदान करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों तथा सुरक्षित उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों और महिला चिकित्सकों ने छात्राओं के प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। इस पूरे कार्यक्रम में लगभग 3000 छात्राओं एवं महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए तथा 20 विद्यालय परिसर में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन भी स्थापित की गई, ताकि छात्राओं को नियमित रूप से आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो सके।




कोनकार के प्रतिनिधि श्री रजनीश पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संस्थान द्वारा पूरे भारत में ऐसे अनेक कार्यक्रम संचालन हेतु सहयोग दिया जा रहा है जिसमें महिलाओं, किशोरियों आदि के स्वास्थ्य , शिक्षा एवं रोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। अकेले श्रावस्ती जनपद में ही अबतक लगभग 72 सैनेटरी वेंडिंग मशीन लगाई जा चुकी है। आगे और भी कार्य किये जाएंगे।

आधार निर्माण फाउंडेशन के प्रतिनिधि विनोद कुमार द्विवेदी ने ब्वछब्व्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि CONCOR द्वारा संचालित यह कार्यक्रम समाज के लिए बहुत ही सराहनीय एवं सार्थक प्रयास है। यह पहल किशोरियों के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, महिला चिकित्सक एवं फाउंडेशन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रबंधन समिति ने CONCOR एवं आधार निर्माण फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ऐसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने की अपेक्षा जताई।

# मंदिर के बगल होटल का खाना फेकने से श्रद्धालु खफा

जौनपुर (आरएनएस )। आजमगढ़ रोड पर प्रसाद तिराहे के आगे केशवपुर गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर के बगल एक मैरिज हॉल में शादी विवाह का कार्यक्रम आए दिन होता है वहां पर होटल मालिक द्वारा मंदिर के बगल में बचे हुए खाना सब्जी फेंक दिया जा रहा है । इसकी वजह से बुरी तरह से बदबू पैदा हो रही है । मंदिर पर सुबह शाम श्रद्धालुओं का आना–जाना लगा रहता है जिससे लोगों को वहां पूजा पाठ करने में काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है। अगल–बगल के लोगों को रहना दुश्वार हो गया है इस बात की शिकायत दर्जनों बार मैरेज संचालक को लोगों द्वारा की गई लेकिन कोई उपाय नहीं जा रहा हैं । एक तरफ जहां पर्यावरण संरक्षण करने की बात कहीं जाती है वहीं बिना मानक के मैरेज खोलने की अनुमति विभागीय अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर परमिशन दे रखें हैं न तो इनके पास पार्किंग की व्यवस्था है न ही पूरा करकट फेंकने की जगह है। विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से होटल का संचालन धड़ले के साथ संचालन किया जा रहा हैं । इस समस्या को लेकर ग्रामीणों जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग किया हैं कि इसकी जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाए जिससे सडे भोजन से उठ रही दुर्गंध से महामारी फैलने से रोका जा सके । समय से पहले कार्यवाही न की गई तो महामारी फैलने से रोका नहीं जा सकता ।

# मोतियाबिंद के मरीजों को आपरेशन के बाद घर भेजा

जौनपुर(आरएनएस )। लायन्स क्लब द्वारा मंगलवार को मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए रोगियों को चिन्हित कर वाराणसी भेजे गए थे। जिनका आर जे शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी की नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सीय टीम द्वारा उन मरीजों का आधुनिक तकनीक से ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण किया गया। उन्हें दवाइयां एवं चश्मे प्रदान किए गए एवं चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श देकर उन्हें डिस्चार्ज किया गया, और बृहस्पतिवार को शिविर स्थल कुतुपुर तिराहा पर छोड़ा गया, जहाँ पर क्लब जौनपुर के अध्यक्ष राजेश राज गुप्ता और परिवार के लोग अपने मरीजों को घर ले गये।

# उत्तरप्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उपजे असंतोष को सूझबूझ पूर्वक पाट रहे हैं योगी आदित्यनाथ!

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी संभालने के लिए प्रत्यक्ष बैठकें शुरू कर दी है। आरएसएस–बीजेपी समन्वय मंचों पर खुली चर्चा और जमीनी मुद्दों पर आश्वासन जैसे कदम उठाए हैं। मार्च 2026 तक गोरखपुर व कानपुर जैसी जगहों पर ये प्रयास तेज हुए। प्रत्यक्ष संवाद हो रहे हैं।उत्तर प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक पदों और सरकारी निकायों के पदों पर नियुक्तियों में विलंब मुख्य रूप से जातीय–क्षेत्रीय संतुलन, आंतरिक खींचतान और केंद्रीय नेतृत्व के मंथन के कारण हो रहा है। इससे कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ा है, हालांकि मार्च 2026 तक बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। आलम यह है कि प्रदेश के सभी 16 नगर निगम में 10–10 मनोनीत होने वाले पार्षदों की नियुक्ति अटकी पड़ी है, जबकि तीन साल बीतने को है। विभिन्न बोर्डों की भी यही स्थिति है। इससे विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी की रणनीति पर भी असर पड़ना लाजिमी है, क्योंकि अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की रस्साकशी में कार्यकर्ताओं में निराशा है।जहां तक विलंब के प्रमुख कारण की बात है तो जातीय एवं सामाजिक समीकरण इसकी पहली वजह है। भाजपा का ओबीसी करण होने से पार्टी के वफादार कार्यकर्ताओं में रोष गहराता जा रहा है। इसका असर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों और 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर अवश्य पड़ेगा। लिहाजा पार्टी इससे पहले सभी वर्गों (ओबीसी, दलित, सवर्ण, खासकर ब्राह्मण राजपूत आदि) को प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में जुटी है, जिसपर प्रदेश अध्यक्ष और सरकार के मुखिया की खींचातानी से चयन अटका हुआ बताया जाता है।वहीं पार्टी की आंतरिक गुटबाजी जैसे सांसदों–विधायकों के बीच खींचतान और केंद्रीय नेतृत्व व आरएसएस के बीच वैचारिक मतभेद (चुनावी साख बनाम संगठन अनुभव) से कई पद लंबित हैं। वहीं, सरकारी पदों पर देरी यानी निगमों, बोर्डों और आयोगों के 100 रिक्त पदों पर पार्टी–संगठन व सरकार के बीच समन्वय की कमी, साथ ही योगी सरकार की मंजूरी का इंतजार है। अब तक ऐसा नहीं होने से जमीनी कार्यकर्ताओं में असंतोष स्वाभाविक है। खासकर वफादार कार्यकर्ता कार्यगत पुरस्कार न मिलने, लगातार चुनावी मेहनत के बावजूद पद न पाने से नाराज हैंय जिसके चलते कतिपय जिलों में सामूहिक इस्तीफे तक हुए। योगी–केशव जैसे नेताओं के बीच अनबन की अटकलें भी असंतोष बढ़ा रही हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि पंकज चौधरी दिसंबर 2025 में प्रदेश अध्यक्ष बने, जिससे 70 जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके हैं। जबकि होली के बाद मिशन–2027 के तहत नई टीम, क्षेत्रीय अध्यक्षों में बदलाव की घोषणा संभावित है, जिसके दृष्टिगत पर्यवेक्षक भेजे गए हैं।वहीं उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं के असंतोष को कम करने के लिए संगठनात्मक बदलाव, प्रत्यक्ष संवाद, प्रशिक्षण अभियान और पदों पर समायोजन जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। ये प्रयास मुख्य रूप से 2027 चुनाव की तैयारी के तहत होली के बाद अब तेज हो रहे हैं। इस निमित्त कई संगठनात्मक कदम उठाए जा चुके हैं और कुछ प्रक्रिया धीन हैं। जहां तक नई टीम के गठन की बात है तो प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में होली बाद बड़े फेरबदल, जिलाध्यक्षों–क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्तियां, जातीय संतुलन बनाकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलेगी। वहीं, सरकारी पदों पर समायोजन यानी निगमों, बोर्डों, आयोगों के खाली पदों पर कार्यकर्ताओं की सूची तैयार है, और मिशन–2027 के तहत तोहफा के रूप में वितरण कार्य शेष रहने की खबर है।संवाद एवं प्रशिक्षण प्रयास के तहत प्रत्यक्ष मुलाकातें हो रही हैं। श्कार्यकर्ता सर्वप्रथमश मंत्र से वन–टू–वन मैपिंग, वीआईपी संस्कृति खत्म कर रूठे



कार्यकर्ताओं से सीधा संवादय सीएम योगी विधायकों से नियमित बैठकें कर रहे हैं।वहीं डिजिटल एवं वैचारिक प्रशिक्षण के तहत कार्यकर्ताओं को डिजिटल हथियार से लैस करने का अभियान, और बूथ स्तर पर नीतियां–कार्यपद्धति सिखाना जारी है। आरएसएस–बीजेपी में समन्वय की कोशिशें परवान चढ़ी हुईं हैं।आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से योगी की मुलाकातें, कानपुर समन्वय बैठक में असंतोष मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसके दृष्टिगत आंतरिक कलह सुलझाने की कोशिश जारी है।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी संभालने के लिए प्रत्यक्ष बैठकें शुरू कर दी है। आरएसएस–बीजेपी समन्वय मंचों पर खुली चर्चा और जमीनी मुद्दों पर आश्वासन जैसे कदम उठाए हैं। मार्च 2026 तक गोरखपुर व कानपुर जैसी जगहों पर ये प्रयास तेज हुए। प्रत्यक्ष संवाद हो रहे हैं। खुद योगी ने 200 विधायकों, सांसदों व पूर्व नेताओं से अलग–अलग मुलाकातें कीं, जहां उन्होंने पार्टी की हार के कारणों (कार्यकर्ता–सरकार डिस्कनेक्ट) को सुने और विपक्षी प्रचार पर जवाब देने को कहा। साथ ही जमीनी स्तर पर समस्याओं (जैसे अस्पताल बेड) के समाधान का आह्वान किया।मुख्यमंत्री की आरएसएस से समन्वय बैठकें भी चल रही हैं। गोरखपुर (मार्च 2026) में पदाधिकारियों से मन की बात सुनकर जवाब दिए, और एआई (।ᑊ) युग व कैशलेस इलाज जैसे सवाल हल किए। वहीं कानपुर (मार्च 2026) में आरएसएस के साथ बैठक में कार्यकर्ता सम्मान, यूजीसी नियमों से सवर्ण असंतोष, स्थानीय विवादों पर चर्चा हुईय साथ ही अनुशासनहीनता पर कार्रवाई व बेहतरी का आश्वासन दिया। जबकि अन्य प्रयास के तहत बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि एसआईआर (ैप्) फॉर्म भरें, मतदाता जागरूकता कैंप लगाएंय और अफसरों से कार्यकर्ता शिकायतें दूर करने को कहा। साथ ही कार्यकर्ताओं से श्फैंडिड फीडबैकश भी लिया। देखा जाए तो योगी आदित्यनाथ की रणनीति ने उत्तर प्रदेश भाजपा में आंतरिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर क्षेत्रीय समन्वय बैठकों और प्रत्यक्ष संवाद से। इससे कार्यकर्ताओं की नाराजगी घटी और 2027 चुनाव की तैयारी एकजुट हुई। वहीं क्षेत्रीय समन्वय बैठकें भी हुईं। योगी ने छह क्षेत्रों (अवध, काशी, गोरखपुर, कानपुर, ब्रज, पश्चिम) में आरएसएस–बीजेपी समन्वय बैठकें आयोजित कीं, जहां कार्यकर्ता शिकायतें (अधिकारियों का रवैया, सम्मान की कमी) सुनीं और तत्काल समाधान पर मंथन हुआ। साथ ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से लखनऊ में हुई मुलाकात ने संगठन–सरकार तालमेल बढ़ाया, जातीय समीकरणों व यूजीसी नियम विवादों को सुलझाया। मुख्यमंत्री और आरएसएस ने जमीनी स्तर पर एकीकरण मजबूत करने पर जोर दिया।

## सम्पादकीय

### ईरान ने लंबी लड़ाई की तैयारी कर रखी

खामेनई के उत्तराधिकारियों ने चंद घंटों के अंदर जिस तरह इजराइल के अंदर तथा विभिन्न खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य एवं अन्य ठिकानों को निशाना बनाया, उसका यही पैगाम है कि ईरान ने लंबी लड़ाई की तैयारी कर रखी है।

विडंबना ही है कि जिस सुबह अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमद अल बुसेइदी ने जानकारी दी कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के भंडार को खत्म करने और आगे संवर्धन ना करने पर राजी हो गया है, अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर साझा हमला बोल दिया। इसका एलान करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कहा, उसका अर्थ यही था कि वे इतने से संतुष्ट नहीं है, बल्कि ईरान में सत्ता परिवर्तन उनका मकसद है, ताकि पश्चिम एशिया में आगे चल कर इजराइल को चुनौती दे सकने वाला कोई देश ना रहे। इस उद्देश्य में अमेरिका–इजराइल को आरंभिक सफलता भी मिली। उनके हमलों में ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनई मारे गए।

लेकिन अब यह स्पष्ट है कि उससे तखता पलट का मकसद तुरंत हासिल होने नहीं हुआ है। ईरान के इस्लामी शासन ने उत्तराधिकार की कई स्तरों की व्यवस्था की हुई है, जिसमें आपातकालीन उत्तराधिकार भी शामिल है। खामेनई के उत्तराधिकारियों ने चंद घंटों के अंदर जिस तरह इजराइल के अंदर तथा विभिन्न खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य एवं अन्य ठिकानों को निशाना बनाया, उसका यही पैगाम है कि ईरान ने लंबी लड़ाई की तैयारी कर रखी है। कोरिया और वियतनाम युद्धों के बाद कभी ऐसा नहीं हुआ कि किसी शक्ति ने अमेरिकी सैन्य अड्डों पर इतने बेखौफ ढंग से हमले किए हों।

उधर पूरा पश्चिम एशिया लड़ाई के दायरे में आता दिख रहा है, जिससे क्षेत्रीय युद्ध के अंदेशे ने ठोस रूप ले लिया है। इसके बीच श्छोटी और निर्णायकत्र लड़ाई की डॉनल्ड ट्रंप की मंशा पूरी होने की संभावना कम ही है। तखता पलट के बिना आखिर क्या वो मकसद होगा, जिससे ट्रंप अपनी जीत का एलान कर सकें, यह उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है। इस रणनीतिक अस्पष्टता के कारण युद्ध का लंबा खिंचा, तो उसकी आंच दुनिया भर तक पहुंचेगी। ईरान ने होरमुज खाड़ी और उसके सहयोगी यमन स्थित अंसारुल्लाह (हूती) ने लाल सागर को बंद करने का एलान किया है। इससे विश्व स्तर पर ऊर्जा संकट खड़ा हो सकता है। उसके गहरे वित्तीय एवं आर्थिक परिणामों की आशंका मंडराने लगी है।

### कैरियर पिजन सर्विस अभी भी जीवित

ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे–धीरे यह 38 स्थानों (जिलों, सब–डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनों) तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 श्पिजन लॉफ्टत्र सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे।आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है दृ श्कैरियर पिजन सर्विसत्र। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है।

श्कैरियर पिजनत्र या श्होमिंग पिजनत्र का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर–दर–शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में श्पिजन नेटवर्कत्र स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से श्पिजन पोस्टत्र शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में श्कैरियर पिजनोंत्र ने जान भी बचाई, फ्रांस में श्चेर आमीत्र नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी।

# नीतीश कुमार की नई सधी हुई बिहारी चाल के सियासी निहितार्थ

राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि भाजपा की सलाह पर यह निर्णय लिया गया लगता है, क्योंकि 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी (89 सीटें) बन गई है। इससे बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनना आसान हो सकता है, जबकि नीतीश के बेटे निशांत को डिप्टी सीएम बनाए जाने की चर्चा है।बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड सुप्रीमो नीतीश कुमार राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी हैं। सियासत के चाणक्य श्री कुमार ने भाजपा के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी केंद्रीय राजनीतिक संभावनाओं को उभारने के लिए दिल्ली कूच करने का अप्रत्याशित फैसला लिया है। भले ही उन्होंने राज्यसभा जाने का निर्णय बिहार की राजनीति में अपेक्षित एक बड़े बदलाव के हिस्से के रूप में लिया है, लेकिन यह भी उनकी लंबे समय से चली आ रही एक अधूरी इच्छा को प्रकटध्पूरा करता है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, भाजपा के ओबीसीकरण के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्तर पर सवर्णों की भाजपा नीत एनडीए से बेरुखी से उपजी सियासी परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए ही उन्होंने यह नया कदम उठाया है, जिसे एक तीर से कई निशाने के तौर पर देखा जाने लगा है। देश की समाजवादी राजनीति में भी अब उनका कोई निकट प्रतिद्वंद्वी नहीं बचा है। इसलिए गुरुवार, 5 मार्च 2026 को राज्यसभा की सदस्यता हेतु नामांकन दाखिल करने के साथ ही उनका अब नया भविष्य भी जुड़ा है। समझा जाता है कि नीतीश कुमार की राज्यसभा सदस्यता की पुरानी ष्अधूरी हसरतष अब पूरी हो रही है, क्योंकि वे विधानसभा, विधान परिषद और लोकसभा तो रह चुके हैं, लेकिन राज्यसभा नहीं। वहीं, राज्यसभा सदस्य बनने के बाद राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री, उपप्रधामंत्री, उपसभापति, कद्दावर केंद्रीय मंत्री बनने की उनकी नई सम्भावनाएं बनेंगी। वहीं राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका बढ़ाने के लिए भी उनका यह कदम देखा जा रहा है, जहां वे बिहार, सामाजिक न्याय और विकास मुद्दों पर प्रभाव डाल सकें। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि भाजपा की सलाह पर यह निर्णय लिया गया लगता है, क्योंकि 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी (89 सीटें) बन गई है। इससे बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनना आसान हो सकता है, जबकि नीतीश के बेटे निशांत को डिप्टी सीएम बनाए जाने की चर्चा है। हालांकि, जदयू में उनके इस फैसले पर असंतोष है, लेकिन इसे उनका व्यक्तिगत निर्णय बताया जा रहा है। वहीं विपक्ष इसे बीजेपी का ष्मास्कष हटाने का प्रयास मान रहा है। इससे राजद को पुनः सियासी ऑक्सीजन मिल सकता है। यूँ तो नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार के नए मुख्यमंत्री की घोषणा अभी स्पष्ट रूप से नहीं हुई है, क्योंकि यह प्रक्रिया राज्यसभा चुनाव के परिणाम (16 मार्च 2026) के बाद शुरू होगी।

# ट्रंप ने पिछले एक वर्ष में दुनिया को हांका

हरिशंकर व्यास

देश–सभ्यता विशेष को व्यक्ति विशेष कितना तबाह कर देता है और संविधान, सुप्रीम कोर्ट कैसे देश बचाने की ढाल बनते हैं, इसका प्रमाण आज अमेरिका है। उस नाते अमेरिका के ढाई सौ साल और भारत की स्वतंत्रता, संविधान के आठ दशकों का क्या फर्क है? भारत ने कुछ ही दशकों में संविधान से सरकार को श्हम भारत के लोगत्र का माईबाप बना दिया। संस्थाएं बिना रीढ़ की हो गईं। नतीजतन 140 करोड़ लोग खैरात से भय, भूख, भक्ति की जिंदगी जी रहे हैं।

ठीक विपरीत ढाई सौ साल पुराने अमेरिकी संविधान को खंगालें तो एकमात्र डोनाल्ड ट्रंप वह राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने संविधान–संस्थाओं को बेशर्मी से ठेंगा दिखाया। संविधान के एक आपातकालीन प्रावधान के हवाले टैरिफ के वे मनमाने फरमान निकाले, जिससे दुनिया में त्राहिमाम हुआ। पर अमेरिका के नागरिकों ने ही इस मनमानी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी! और सुप्रीम कोर्ट के छह जजों ने (तीन विरोध में) बहुमत से दो टूक यह फैसला दिया, ट्रंप के टैरिफ अवैध हैं! दुनिया में कितने ऐसे सुप्रीम कोर्ट हैं, जिनके जजों में ऐसी रीढ़ की हड्डी है? ट्रंप ने भी पिछले कार्यकाल में अपने जज नियुक्त किए थे। उनमें से भी राष्ट्रपति के फैसलों को अवैध करार देने वाले जज थे। चीफ जस्टिस सहित सभी नौ जजों ने जांच–तौल में लिखे गए प्रावधानों की व्याख्या तर्कों के साथ की और साफ बहुमत से ट्रंप के फैसलों को अवैध करार दिया।

ट्रंप का बौखलाना स्वाभाविक था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और जजों के खिलाफ विदेशी प्रभाव से लेकर कुत्ते जैसे जुमलों तक से हमला किया। और यह भी अमेरिकी संविधान की इस बुनियाद पर है कि नागरिक का मूलभूत अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता में कुछ भी कहने, यानी उसकी अभिव्यक्ति की आजादी का अबाध हक है। राष्ट्रपति डराएं, धमकाएं, कार्यपालिका को मनमाफिक चलाएं, सुप्रीम कोर्ट का जज न डरेगा, न चिंता करेगा। वह संविधान के प्रति प्रतिबद्धता में वही फैसला देगा जो संविधान का सत्य है और उसकी जो समझ या व्याख्या है।सरकार या राष्ट्रपति से डरना, या कानून मंत्रियों की दखलंदाजी का अमेरिकी न्यायपालिका में कोई अर्थ नहीं है। न्यायपालिका की वैसी ही पृथक सत्ता है जैसी विधायिका–संसद की अपनी पृथक स्वतंत्रता है, तो बतौर कार्यपालिका के प्रमुख राष्ट्रपति का पावर भी पृथक और स्पष्ट है। तभी सुप्रीम कोर्ट ने संविधान–प्रदत्त आपातकालीन प्रावधानों के हवाले ट्रंप के टैरिफ अवैध करार दिए तो ट्रंप ने फटाफट अपने दूसरे अधिकार से 15 प्रतिशत टैरिफ का नया आदेश निकाला। पर इस आदेश के टैरिफ पांच महीने ही मान्य रहेंगे। फिर संसद जाना पड़ेगा। इस प्रावधान में टैरिफ लगाने की सीमा पंद्रह प्रतिशत ही है। जाहिर है, ऐसा करके ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट की परवाह न करने, मतलब अपने अहंकार को फिर दर्शाया।

इससे बदनामी, भद्द किसकी हो रही है? पूरी दुनिया और खासकर यूरोप के असल लोकतांत्रिक देशों में किसकी वाहवाही है? अमेरिका और अमेरिकी संविधान की। ट्रंप की नाराजगी की बिना चिंता किए वैश्विक मीडिया और नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सत्ता के संतुलन की जीत बताया। मतलब कोर्ट ने कार्यपालिका (राष्ट्रपति) की सीमाओं को स्पष्टता से दर्शाया है कि अमेरिका में कोई भी शाखा अवैध रूप से अधिक शक्ति नहीं ले सकती। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, श्लोकतंत्र में पावर काउंटरवेट्स (जांच–तौल) आवश्यक हैंत्र। कनाडा सरकार ने और हिम्मत दिखाई, श्तो टैरिफ गैरकानूनी साबितत्र! और तो और ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेताओं ने संवैधानिक संतुलन (चेक–बैलेंस) के पक्ष में फैसला सटीक बताया।

सोचें, दुनिया ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कैसी राहत ली होगी? मन ही मन अमेरिका का कैसा मान बना होगा। आश्चर्य नहीं होगा यदि यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन आदि ट्रंप प्रशासन की दादागिरी में हुए व्यापार समझौते को खारिज करें या टाल दें। मंगलवार को ट्रंप संसद के साझा सत्र में श्स्टेट ऑफ द यूनियनत्र भाषण देंगे। उन्हें ठीक सामने बैठे सुप्रीम कोर्ट के जज भी सुनेंगे। संभव है यह मौका कुछ अनहोनी लिए हुए हो। नामुमकिन नहीं कि ट्रंप सामने बैठे जजों को भला–बुरा कहें। या उनके भक्त रिपब्लिकन सांसद बनाम डेमोक्रेटिक सांसदों में राजनीतिक भिड़ंत हो! राष्ट्रपति ट्रंप ने विधायिका यानी संसद पर भी दबिश बनाई हुई है। पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संसद के ही टैरिफ अधिकारों की पुष्टि है, तो सांसदों पर राष्ट्रपति के भड़भड़िया भाषण का विशेष असर नहीं होगा। लेकिन हंगामा तो संभव है।जो हो, मूल सवाल हैदृ अमेरिका का ऐसा बेजोड़ होना किस कारण से है? मेरा मानना है एकमेव वजह अमेरिकी नींव, संविधान है। और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका उन स्वतंत्रचेता मनुष्यों से निर्मित है जिनकी मूल वृत्ति (बेसिक इंस्टिंक्ट) आकाश में उड़ने, स्वतंत्रता से जीने तथा मन का कुछ करने का लक्ष्य होता है। तभी दुनिया भर के और स्वतंत्रता के बाद भारत के भी पढ़े–लिखे, पुरुषार्थी लोग सर्वाधिक अमेरिका गए। सभी अमेरिका के परिवेश में अपने अवसर मानकर गए। इस ललक के साथ कि वे कुछ बनें, खिलें और जिंदगी संतोष, सुरक्षा, स्वाभिमान से जिएं। सवाल है, क्यों अमेरिका में यह ज्यादा संभव है? इसलिए क्योंकि सरकार, कार्यपालिका, अफसर–बाबुओं का जिंदगी में न्यूनतम दखल है (ट्रंप ने इसे भयावह तौर पर बिगाड़ा है) और खुली सांस में जीना संभव है।

दूसरे शब्दों में अमेरिका जहां सौ फूल खिलने का सांस्कृतिक आधार लिए हुए है, तो उस गरुड़–बाज मानसिकता का वह परिवेश भी है जिसमें बुद्धि, मेहनत, जोखिम और पूंजी के बूते असंभव को संभव बनाना आम व्यक्ति के लिए भी मुमकिन है। हकीकत है कि कोलंबस ने अमेरिका खोजा तो उसके बाद 17वीं सदी में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन, फ्रांस आदि से लोग धार्मिक उत्पीड़न, कराधान और सामंती नियंत्रण से मुक्ति के लिए अमेरिका गए। तब समुद्री यात्रा की जोखिमों से पार पाकर जो भी अमेरिका पहुंचा, वह दुस्साहसी पुरुषार्थी था। सभी में यह जिद थी कि हमें कुछ बनना है, बनकर दिखाना है और जो भुगता है उसे नई दुनिया में नहीं पनपने देना है।

हां, मूल यूरोपीय विस्थापितों ने ही अपने आपको नई दुनिया कहा या माना, तो वजह यूरोप के तब के हालातों से तौबा थी। इसलिए नई दुनिया में किसी की अधीनता नहीं। हर नागरिक बंदूक रखकर रक्षा का अधिकारी। हमारा कोई मालिक नहीं। हम स्वयंभू अपने मालिक हैं। तभी इतिहास में यह तथ्य दर्ज है कि 1620 में मेफ्लावर से आए तीर्थयात्रियों ने अपना एक लिखित अनुबंध बनाया, जो स्वशासन यानी आत्म–शासन की शुरुआती मिसाल था। इसी कारण 1787 का संविधान बना तो वह मात्र शासन का दस्तावेज नहीं था, बल्कि राजा, सामंत, राष्ट्रपति–प्रधानमंत्री आदि की सत्ता से भयमुक्ति का दस्तावेज भी था। मतलब नई दुनिया में वह कुछ नहीं होगा जो 17वीं सदी में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन, फ्रांस आदि के सामंती शासनों में था।

इसलिए अमेरिका की खोज, श्नई दुनियात्र का निर्माण, वह मानसिक खोज भी थी, जिससे मनुष्य ने स्वतंत्रता की गारंटी सुनिश्चित की। स्वशासन बनाया। संविधान निर्माताओं ने अपनी श्नई दुनियात्र को ऐसी संस्थाओं से गूंथा, जिनका प्राथमिक काम एक–दूसरे पर निगरानी रखना और नागरिकों का स्वतंत्र जीवन सुनिश्चित बनाए रखना है। इसलिए वहां विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका की एक–दूसरे पर निर्भरता नहीं है, बल्कि पृथकता से एक–दूसरे पर निगरानी, चेक–बैलेंस के पुख्ता ढांचे में ढली हुई है।

हमें अंदाज नहीं है कि अमेरिका की संघीय व्यवस्था में एक स्टेट, उसका गवर्नर, उसका मेयर कितना स्वयंभू और शक्तिशाली होता है, तो विधायिका, स्टेट न्यायपालिका कितनी सशक्त है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। इंजीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप उस बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने के योग बन रहे है।

मिथुन राशि–
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे है। लेकिन आपको उनके लिए लगातार कोशिशें करनी होंगी।

कर्क राशि–
आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आज आप नया प्लान बनाएंगे।

सिंह राशि–
आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा।

कन्या राशि–
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

तुला राशि–
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन आ सकते है, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी।

धनु राशि–
आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर की साफ–सफाई में हाथ बटायेंगे।

मकर राशि–
आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ों की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। शाम को दोस्तों से मिलने के बाद आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

मीन राशि–
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियो के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक सम्पन्न

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियो के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधिगणो को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद मीरजापुर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के दौरान दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026 तक) में नागरिकों से दावे व आपत्तियों और इसी अवधि में गणना चरण में मिलान न कराने वाले मतदाताओं तथा मिलान में तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस एवं सुनवाई चरण (6 जनवरी से 27 मार्च, 2026 तक) में जारी किये गये नोटिस एवं पूर्ण की गई सुनवाई से सम्बन्धित महत्वपूर्ण आंकड़े यथा– 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल मतदाता–1567539 पुरूष मतदाताओं की संख्या–855675 महिला मतदाताओं की संख्या–711825 तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या–39, नोटिसों की सुनवाई में कुल नोटिसों की संख्या–324498 जनरेटेड नोटिसों की संख्या–324494, नोटिस वितरण की संख्या–323236 (99.61 प्रतिशत), 11 मार्च, 2026 तक सुनवाई–319021 (98.31 प्रतिशत) होगी। उन्होंने समस्त ई.आर.ओ.ध्ए.ई.आर.ओ. को यह निर्देशित किया कि वह सुनवाई हेतु आने वाले मतदाताओं को अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों को यथासम्भव सहायता प्रदान की जाए जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुनवाई स्थल पर मतदाताओं को कम से कम समय व्यतीत करना पड़े। मतदाताओं को सुनवाई हेतु यह निर्देश जारी किये गये हैं कि मतदाताओं को होने वाली असुविधा को कम करने हेतु सुनवाई प्रक्रिया में मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट दी जा सकती है। जो मतदाता किसी कारणवश सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकते, उनके द्वारा अपनी ओर से किसी भी व्यक्ति को सुनवाई हेतु उपस्थित होने के लिए लिखित रूप से हस्ताक्षर कर अथवा अंगूठे का निशान लगाकर अधिकृत किया जा सकता है। मतदाताओं की सुविधा हेतु ई.आर.ओ. एवं ए.ई.आर.ओ. द्वारा मतदान केन्द्रों पर भी सुनवाई की जा रही है तथा बूथ लेवल अधिकारी भी मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने में सहयोग कर रहे हैं। इससे मतदाताओं को भी न्यूनतम दूरी तय करनी पड़ रही है तथा मतदाता सुनवाई हेतु उपस्थित भी हो रहे हैं। दावा एवं आपत्ति अवधि में प्राप्त आवेदन दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026) में कुल प्राप्त फार्म–6 के 84032, दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026) में कुल प्राप्त फार्म–7 के 3842, दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026) में कुल प्राप्त फार्म–8 के 16353, दिनांक 28 अक्टूबर, 2025 से 06 मार्च, 2026 तक कुल प्राप्त फार्म–6 के 118448, दिनांक 28 अक्टूबर, 2025 से 06 मार्च, 2026 तक कुल प्राप्त फार्म–7 के 4252 एवं दिनांक 28 अक्टूबर, 2025 से 06 मार्च, 2026 तक कुल प्राप्त फार्म–8 के 21520, हुआ है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दिशा निर्देशों के अनुसार दिनांक 06.01.2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची से बिना नोटिस दिए एवं ई.आर.ओ.ध्ए.ई.आर.ओ. द्वारा विहित प्रक्रियानुसार पारित सकारण आदेश के बिना कोई नाम विलोपित (खारिज) नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि 27 मार्च 2026 तक आपत्ति से सम्बन्धित सुनवाई में पहुंचकर अपना दस्तावेज उपलब्ध करा दे। उन्होंने कहा कि सुनवाई में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो सम्बन्धित अधिकारियो को अवगत कराएं तत्काल संज्ञान लेते हुए समाधान कराया जाएगा।

## इलाज के लिए काल पर अपाइंटमेंट देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़ित के खाते से की गयी 99 हजार की साइबर ठगी

'मड़िहान मीरजापुर। गत 8 अगस्त 2025 को आवेदक श्याम नारायण सिंह पुत्र राजमणी सिंह निवासी ग्राम मरचा थाना मड़िहान द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर ठगी की घटना के सम्बन्ध में शिकायत दी गयी कि चिकित्सक से इलाज हेतु कॉल पर अपॉइंटमेंट देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के खाते से 99,000 रुपये की ठगी कर ली गयी। थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त उपरोक्त फ्राड की घटना में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। मामले में मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जाँच के दौरान सम्बन्धित बैंक, मर्चेंट से समन्वय स्थापित कर पैसे को होल्ड कराते हुए पीड़ित के खाते में साइबर फ्राड की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि 99,000 रुपये को आवेदक के खाते वापस करायी गयी। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारीगण एवं थाना मड़िहान साइबर सेल टीम की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया।

## सड़क या पटरी पर अतिक्रमण पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई रु ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

लालगंज, मीरजापुर। बाजार क्षेत्र में सड़क और पटरी पर बढ़ती अव्यवस्था को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने लालगंज बाजार का निरीक्षण किया और सड़क तथा पटरी पर खड़े ई–रिक्शा, टेंपो और मोटरसाइकिलों को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही पटरी पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान बाजार के कई स्थानों पर सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े मिले। कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने पटरी पर सामान फैलाकर कब्जा किए जाने की स्थिति भी सामने आई।

## जांच टीम पहुंची मंडलीय अस्पताल

मीरजापुर। जिला मंडलीय अस्पताल परिसर स्थित मोर्चरी में रखे शव को चूहे के खाने का मामला जोर पकड़ा जा रहा है। मामले में जांच टीम अलग–अलग लोगों का जहां बयान दर्ज कर रही है। वहीं जांच के दौरान कई तरह की अनियमिताएं जांच टीम को मिली हैं। जांच में बर्फ मंगा कर शव मोर्चरी में रखा जाना सामने आया है तो वहीं जांच टीम ने वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ जांच करवाया। है बता दें कि शासन ने द्वारा पूरी घटना का संज्ञान लिये जाने के बाद, बुधवार को जौनपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डाक्टर आरबी कमल जांच करने पहुंचे थें। जिनके आने की खबर मात्र से ही यहा मठाधीश बने चिकित्सकों की नींद उड़ गई थीं सभी जुगाड़ के लिए दौड़ते भागते नजर आए हैं। यहां पहुंची जांच टीम को मंडलीय अस्पताल में पीड़ित परिवार ने इमरजेंसी में तैनात 14 साल से डॉक्टरों के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए यहां की व्यवस्था का खुलासा करते हुए यहां व्याप्त मनमानी और अराजकता भरे माहौल की भी चर्चा की है। गौरतलब हो कि मीरजापुर मंडलीय अस्पताल परिसर स्थित शव घर में 1 शव नहीं 2 शवों को चूहों के खाने का मामला जांच टीम के सामने आया है। जांच टीम ने सभी लोगों का अलग–अलग लिखित बयान लिया।

## इलाज के लिए कश्ल पर अपश्इंटमेंट देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़ित के खाते से की गयी 99 हजार की साइबर ठगी

मड़िहानध्मीरजापुर। गत 8 अगस्त 2025 को आवेदक श्याम नारायण सिंह पुत्र राजमणी सिंह निवासी ग्राम मरचा थाना मड़िहान द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर ठगी की घटना के सम्बन्ध में शिकायत दी गयी कि चिकित्सक से इलाज हेतु कॉल पर अपॉइंटमेंट देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के खाते से 99,000 रुपये की ठगी कर ली गयी। थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त उपरोक्त फ्राड की घटना में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। मामले में मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जाँच के दौरान सम्बन्धित बैंक, मर्चेंट से समन्वय स्थापित कर पैसे को होल्ड कराते हुए पीड़ित के खाते में साइबर फ्राड की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि 99,000 रुपये को आवेदक के खाते वापस करायी गयी। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारीगण एवं थाना मड़िहान साइबर सेल टीम की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया। थाना मड़िहान साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी के बारें में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा अन्य भी लोगों को बताये जाने की बात बतायी गयी।

## सड़क या पटरी पर अतिक्रमण पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई - ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

लालगंज, मीरजापुर। बाजार क्षेत्र में सड़क और पटरी पर बढ़ती अव्यवस्था को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने लालगंज बाजार का निरीक्षण किया और सड़क तथा पटरी पर खड़े ई–रिक्शा, टेंपो और मोटरसाइकिलों को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही पटरी पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान बाजार के कई स्थानों पर सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े मिले। कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने पटरी पर सामान फैलाकर कब्जा किए जाने की स्थिति भी सामने आई। इस कारण बाजार में आने–जाने वाले लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था और कई जगह यातायात प्रभावित दिखाई दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि सड़क और बाजार की पटरी आमजन के आवागमन के लिए होती है। इन स्थानों पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ऐसी स्थिति दोबारा मिलने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने सड़क पर खड़े कई वाहनों को हटवाया और दुकानदारों को पटरी खाली रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय–समय पर निरीक्षण किया जाएगा और सड़क या पटरी पर अतिक्रमण पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के बीआरसी सभागार लहंगपुर में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी अध्यक्षों की खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में पारदर्शिता बढ़ाना, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना था। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने एसएमसी अध्यक्षों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए प्राप्त होने वाली समस्त धनराशि की जानकारी एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों के साथ साझा की जानी चाहिए। उन्होंने विद्यालय संचालक, बच्चों की पढ़ाई तथा धनराशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता को अनिवार्य बताया और लापरवाही न बरतनें की हिदायत दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक माह के पहले बुधवार को नियमित एसएमसी बैठक आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे योजनाओं की समय पर समीक्षा होगी और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।

## परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के बीआरसी सभागार लहंगपुर में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी अध्यक्षों की खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में पारदर्शिता बढ़ाना, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना था। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने एसएमसी अध्यक्षों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए प्राप्त होने वाली समस्त धनराशि की जानकारी एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों के साथ साझा की जानी चाहिए। उन्होंने विद्यालय संचालक, बच्चों की पढ़ाई तथा धनराशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता को अनिवार्य बताया और लापरवाही न बरतनें की हिदायत दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक माह के पहले बुधवार को नियमित एसएमसी बैठक आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे योजनाओं की समय पर समीक्षा होगी और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। इस अवसर पर सुरेश कुमार मौर्या, साकेत प्रियरंजन दुबे, बैजनाथ सिंह, चंद्रभूषण पाल, नागेश्वर सिंह पटेल, शशिकांत सरोज, गिरीश सिंह, किरण सिंह, सुनीता यादव, संगीता देवी, प्रियंका द्विवेदी, सच्चिदानंद मौर्य, प्रियंका वर्मा, कार्यालय लिपिक पवन दुबे, ब्लॉक क्वालिटी कोऑर्डिनेटर नितिन कुमार, काशी प्रसाद आदि व समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# विद्या विश्वविद्यालय में दो दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का हुआ भव्य समापन

मेरठ(आरएनएस )। युवा कल्याण विभाग एवं विद्या विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का दूसरा दिन भी उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहा। विद्या विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस जोन स्तरीय प्रतियोगिता में बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर जनपदों से आए सब–जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक–बालिकाओं ने पूरे जोश के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हिरेन दोशी मौजूद रहे।

विद्या विश्वविद्यालय में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग मेरठ, संयुक्त विकास आयुक्त मेरठ मंडल के सकुशल मार्गदर्शन में चल रहे जोन स्तरीय ग्रामीण खेल लीग के दूसरे दिन कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। कबड्डी बालक वर्ग के सीनियर वर्ग में मेरठ की टीम, जूनियर में बागपत की टीम और सब जूनियर में सहारनपुर की टीम विजेता रही।

फुटबॉल प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में मेरठ की टीम, जूनियर में गाजियाबाद की टीम और सब जूनियर में बुलंदशहर की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल में सीनियर वर्ग में बागपत की टीम, जूनियर में गाजियाबाद की टीम और सब जूनियर में मेरठ की टीम विजेता रही।

समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विद्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ हिरेन दोशी और रजिस्ट्रार विजय कुमार दुबे ने सभी को प्रशस्ति–पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.हिरेन दोशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजनों का विशेष महत्व है, जो युवाओं को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक, अधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में युवा कल्याण विभाग एवं विद्या विश्वविद्यालय के अधिकारियों और स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसमें युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल मेरठ मंडल के जिला युवा कल्याण अधिकारी वैश्विक डबास, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी गौरव कुमार एवं महिपाल सिंह गौतमबुद्ध नगर, के साथ विद्या विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विजय कुमार दुबे, विद्या ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल विनीत सूद, डीन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स डॉ. वसुधा शर्मा, डीन रिसर्च डॉ.सुबोध कुमार शर्मा मौजूद रहे।

## एन्युटी प्राप्त करने हेतु इच्छुक धार्मिक संस्था निर्धारित अवधि में प्रस्तुत करें दावा

मेरठ(आरएनएस )। अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) नोडल अधिकारी सूर्य कान्त त्रिपाठी ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये बताया कि उ0प्र0 जमी0वि0 एवं भू0व्य0 अधिनियम 1950 की धारा–99 के अंतर्गत एन्युटी भुगतान हेतु जनपद मेरठ की समस्त धार्मिक संस्थाएं, जो जनपद के एन्युटी रजिस्टर में दर्ज है और राजस्व परिषद स्तर से डीबीटी प्रणाली के अंतर्गत एन्युटी प्राप्त करना चाहती है, वे इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से अगले 02 सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण (इच्छा पुत्र, बैंक खाता विवरण–कैंसिल चौकध्पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति, संस्था विवरण) इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियो के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक सम्पन्न

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियो के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधिगणो को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद मीरजापुर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के दौरान दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026 तक) में नागरिकों से दावे व आपत्तियों और इसी अवधि में गणना चरण में मिलान न कराने वाले मतदाताओं तथा मिलान में तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस एवं सुनवाई चरण (6 जनवरी से 27 मार्च, 2026 तक) में जारी किये गये नोटिस एवं पूर्ण की गई सुनवाई से सम्बन्धित महत्वपूर्ण आंकड़े यथा– 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल मतदाता–1567539 पुरूष मतदाताओं की संख्या–855675 महिला मतदाताओं की संख्या–711825 तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या–39, नोटिसों की सुनवाई में कुल नोटिसों की संख्या–324498 जनरेटेड नोटिसों की संख्या–324494, नोटिस वितरण की संख्या–323236 (99.61 प्रतिशत), 11 मार्च, 2026 तक सुनवाई–319021 (98.31 प्रतिशत) होगी। उन्होंने समस्त ई.आर.ओ.ध्ए.ई.आर.ओ. को यह निर्देशित किया कि वह सुनवाई हेतु आने वाले मतदाताओंको अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियोंको यथासम्भव सहायता प्रदान की जाए जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुनवाई स्थल पर मतदाताओं को कम से कम समय व्यतीत करना पड़े। मतदाताओं को सुनवाई हेतु यह निर्देश जारी किये गये हैं कि मतदाताओं को होने वाली असुविधा को कम करने हेतु सुनवाई प्रक्रिया में मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट दी जा सकती है। जो मतदाता किसी कारणवश सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकते, उनके द्वारा अपनी ओर से किसी भी व्यक्ति को सुनवाई हेतु उपस्थित होने के लिए लिखित रूप से हस्ताक्षर कर अथवा अंगूठे का निशान लगाकर अधिकृत किया जा सकता है। मतदाताओं की सुविधा हेतु ई.आर.ओ. एवं ए.ई.आर.ओ. द्वारा मतदान केन्द्रों पर भी सुनवाई की जा रही है तथा बूथ लेवल अधिकारी भी मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने में सहयोग कर रहे हैं। इससे मतदाताओं को भी न्यूनतम दूरी तय करनी पड़ रही है तथा मतदाता सुनवाई हेतु उपस्थित भी हो रहे हैं। दावा एवं आपत्ति अवधि में प्राप्त आवेदन दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026) में कुल प्राप्त फार्म–6 के 84032, दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026) में कुल प्राप्त फार्म–7 के 3842, दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026) में कुल प्राप्त फार्म–8 के 16353, दिनांक 28 अक्टूबर, 2025 से 06 मार्च, 2026 तक कुल प्राप्त फार्म–6 के 118448, दिनांक 28 अक्टूबर, 2025 से 06 मार्च, 2026 तक कुल प्राप्त फार्म–7 के 4252 एवं दिनांक 28 अक्टूबर, 2025 से 06 मार्च, 2026 तक कुल प्राप्त फार्म–8 के 21520, हुआ है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दिशा निर्देशों के अनुसार दिनांक 06.01.2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची से बिना नोटिस दिए एवं ई.आर.ओ.ध्ए.ई.आर.ओ. द्वारा विहित प्रक्रियानुसार पारित सकारण आदेश के बिना कोई नाम विलोपित (खारिज) नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि 27 मार्च 2026 तक आपत्ति से सम्बन्धित सुनवाई में पहुंचकर अपना दस्तावेज उपलब्ध करा दे। उन्होंने कहा कि सुनवाई में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो सम्बन्धित अधिकारियो को अवगत कराएं तत्काल संज्ञान लेते हुए समाधान कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, जिला महामंत्री भाजपा रवि शंकर पाण्डेय, जिला संयोजक दिलीप सिंह, जिला अध्यक्ष सपा देवी प्रसाद चौधरी, प्रवक्ता राष्ट्रीस कांग्रेस पार्टी छोटे खान, जिला अध्यक्ष बासपा मिलगू राम भारती, जिला उपाध्यक्ष बासपा सद्दाम राइन, जिला सचिव सपा गायत्री सिंह पटेल, प्रदेश सचिव आम आदमी पार्टी रमाशंकर साहू, जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी बी सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अपना दल एस शंकर सिंह चौहान, सहित विभिन्न राजनैतिक दलो के पदाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति ने की अधिकारियो संग बैठक

### प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप ग्राम पंचायतो में डिजीटल लाईब्रेरी करें स्थापित, प्रत्येक ब्लॉक में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु की जाये आवश्यक कार्यवाही–मा0 सभापति

मेरठ(आरएनएस )। आज विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के सभापति श्री हरि ओम पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद मेरठ, बागपत व हापुड के अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी महोदय व एसएसपी द्वारा मा0 सभापति सहित समिति के सदस्यो को स्मृति चिन्ह, शॉल ओढाकर व पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

माननीय सभापति ने जनपद मेरठ, बागपत व हापुड के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विगत तीन वर्षों में मा0 सदस्य विधान परिषद व मा0 सदस्य विधान सभा से प्राप्त होने वाले पत्रो का विभागीय रजिस्टर एवं कार्यवाही, मा0 सदस्य विधान परिषदध्विधान सभा के विकास निधि से होने वाले कार्यों को प्रारंभ करने की प्रक्रिया तथा पूर्ण करने की समयसीमा, विगत तीन वर्षों में विधायक निधि से कराये गये कार्य, एक जिला एक उत्पाद के संबंध में लक्ष्य व प्रगति, विगत तीन वर्षों में विधान परिषद की समितियो की बैठक और उनके निर्देशो का अनुपालन, विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के अल्पसूचितध्तारांकितध्अतारांकित प्रश्न, विधान परिषद के नियम 115, 105, 110 तथा 111 की सूचनाओं, उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्राप्त याचिकायें, विशेषाधिकार हनन के लंबित प्रकरण, विधान परिषद के माननीय सदस्यों से प्राप्त पत्रों पर कार्रवाई, विधायकों के प्रोटोकॉल के उल्लंघन के प्रकरण, विभागीय बैठको में विधायकोध जनप्रतिनिधियो को न बुलाने के प्रकरण, शासन से स्वीकृत कार्यों के शिलान्यासध्उद्धघाटन समारोह में शिलापट्टो पर संबंधित विधायको के नाम तथा अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई।

समिति द्वारा उपर्युक्त बिन्दुओ की विभागवार समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि मा0 जनप्रतिनिधियो द्वारा विकास कार्य एवं जनशिकायत से संबंधित प्रेषित पत्रो का नियत समय में निस्तारण किया जाये तथा की गई कार्यवाही से उनको अवगत कराया जाये। प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन किया जाये। जनपद स्तर पर मा0 जनप्रतिनिधियो के साथ समन्वय स्थापित करते हुये विकास कार्यों में प्रगति सुनिश्चित की जाये। मा0 समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि विभागवार दिये गये निर्देशो का अनुपालन शत–प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये तथा अनुपालन आख्या से समिति को अवगत कराया जाये।

सभापति ने कहा कि मेरठ खेल का केन्द्र है। सरकार द्वारा लगातार युवाओ की प्रतिभाओ को निखारने हेतु प्रयास किये जा रहे है। बडी संख्या में मेरठ के खिलाडी वैश्विक पटल पर मेरठ सहित भारत का नाम रोशन कर रहे है। मेरठ में खेल विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। प्रत्येक ब्लॉक में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देशित किया गया कि समस्त ब्लॉको में जमीनो का जल्द से जल्द चिन्हांकन कर स्टेडियम निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव भेजा जाये।

नगर विकास एवं मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा इंटीग्रेटेड प्लॉन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देशित किया गया कि समस्त विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढाया जाये। समिति ने कहा कि रात्रि के समय विजिलेंस टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत चोरी की जांच व छापा मारने की शिकायत प्राप्त हो रही है, यह उचित नहीं है, किसी भी प्रकार की जांच एवं कार्यवाही दिन में ही की जाये।

मेरठ विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुये समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि अवैध कालोनी निर्माण एवं प्लॉटिंग पर विभाग द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा की गई कार्यवाही से समिति को लिखित रूप में अवगत कराया जाये। समिति को बिना जानकारी दिये क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर चेतावनी देते हुये कहा कि संबंधित अधिकारी का लिखित स्पष्टीकरण लिया जाये।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती मीनाक्षी भराला, श्रीमती मनीषा अहलावत तथा डा0 हिमानी अग्रवाल ने सर्किट हाऊस में की महिला जनसुनवाई

मेरठ(आरएनएस )। आज सर्किट हाऊस में उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या श्रीमती मीनाक्षी भराला, मा0 सदस्या श्रीमती मनीषा अहलावत तथा मा0 सदस्या डा0 हिमानी अग्रवाल द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 28 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से 'घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, संपत्ति विवाद, भरण–पोषण, पुलिस कार्रवाई से संबंधित शिकायतें तथा अन्य महिला उत्पीड़न से जुड़े मामले' सम्मिलित थे। माननीय सदस्यों द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी मामलों का 'समयबद्ध, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण' सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।मा0 सदस्या श्रीमती मीनाक्षी भराला ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होने कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीडन से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करे।मा0 सदस्या डा0 हिमानी अग्रवाल ने कहा कि पीडित महिलाओ के लिए सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे है, संबंधित विभागीय अधिकारी महिलाओ को सरकारी कार्यक्रम व योजनाओ से जोडकर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मा0 सदस्या श्रीमती मनीषा अहलावत ने निर्देशित किया कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ में महिलाओ को प्राथमिकता दी जाये। विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओ से महिलाओ को जोडा जाये जिससे महिलाओ को सशक्त करने हेतु उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जनसुनवाई के उपरांत मा0 सदस्यो द्वारा बालगृह सूरजकुंड तथा वृद्धा आश्रम गंगानगर मेरठ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानो में रह रहे बच्चो एवं वृद्धजनो को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओ की जानकारी प्राप्त की गई। मा0 सदस्यो ने संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया कि संस्थान में रह रहे बच्चो एवं वृद्धजनो की देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओ को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाये।

# जागरूकता का संदेश देने के लिए गांव और कस्बों में घूमा बाल विवाह मुक्तिरथ

चित्रकूट। भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चले 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले के गांवों व कस्बों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे 'बाल विवाह मुक्ति रथ' की यात्रा के समापन के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने कहा कि प्रयासों को मिली प्रतिक्रिया से आश्वस्त हैं कि बाल विवाह मुक्त चित्रकूट और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करते के बेहद करीब हैं। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ को सांसद .ष्णा देवी पटेल' ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। 30 दिनों में बाल विवाह मुक्ति रथ ने पूरे जिले के प्रमुख स्थलों की यात्रा की। यह रथ 75 गांवों तक पहुंचा और हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा। रथ ने जिले के तमाम गांवों और कस्बों में घूम–घूम कर लोगों को बाल विवाह के स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका पर दुष्परिणामों से अवगत कराया और इसके कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए समझाया कि बाल विवाह दंडनीय अपराध है। प्रमुख सड़कों और बेहतर पहुंच वाले मार्गों से 'बाल विवाह मुक्ति रथ' गुजरा। जबकि संपर्क के लिहाज से मुश्किल सुदूर गांवों तक बाइक व साइकिल कारवां के जरिए पहुंचा गया। ताकि बाल विवाह मुक्त चित्रकूट का संदेश सबसे आखिरी छोर तक पहुंच सके। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकर दयाल ने बाल विवाह के खिलाफ इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान और इसके तहत निकाले गए बाल विवाह मुक्ति रथ' को परिवर्तनकारी बताते हुए कहा कि यह कोई प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी। यह पहियों पर बदलाव का संदेश था। जिसे लोगों ने स्वीकार किया और सराहा। अब लगभग पूरी सभ्य दुनिया ने हमारी यह बात मान ली है कि बाल विवाह कोई सामाजिक कुप्रथा नहीं बल्कि विवाह की आड़ में बच्चों से बलात्कार है। यह एक अपराध है और कानूनन दंडनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से यह अभियान एक व्यापक जन भागीदारी वाले जन अभियान में तब्दील हो गया। तीन चरणों में चले इस अभियान के पहले चरण में शैक्षणिक संस्थानों व दूसरे चरण में धर्मगुरुओं को जोड़ा गया और उनसे अनुरोध किया गया कि वे विवाह संपन्न कराने से पूर्व आयु की जांच कर लें और बाल विवाह संपन्न कराने से इंकार करें। साथ ही, कैटरर्स, सजावट वालों, बैंक्वेट हाल मालिकों व विवाह में सेवाएं देने वाले बैंड वालों, घोड़ी वालों से संपर्क कर अनुरोध किया गया कि वे बाल विवाह में अपनी सेवाएं नहीं दें।

# नारी अदालत योजना के तहत न्याय सखियों की संपन्न

चित्रकूट। जिला प्रोबेशन कार्यालय में नारी अदालत योजना के तहत चयनित महिलाओं में मुख्य न्याय सखी और सदस्य न्याय सखियों की बैठक जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता की अध्यक्षता संपन्न हुई। जिसमें नारी अदालत की टीम को उनके कार्यों का विवरण व जिम्मेदारियां आदि बताते हुए जानकारी दी गई कि महीने में दो बैठक करेंगे। जिसका उनको मानदेय भी दिया जाएगा तथा अपने विकासखंड में किसी भी महिला के साथ घरेलू हिंसा या शोषण आदि से संबंधित मामलों का निस्तारण करेंगे। निस्तारण न कर पाने की दशा या किसी प्रकार की समस्या आने पर कार्यालय में अवगत कराएंगे तथा महिला कल्याण विभाग की समस्त जन कल्याणकारी योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, हेल्पलाइन नंबर आदि का प्रचार प्रसार भी करेंगे तथा अन्य विभागों से संबंधित किसी भी योजना के विषय में ग्रामीण महिलाओं की सहायता भी करेंगे। तत्पश्चात नारी अदालत टीम को जिले में स्थित सखी वन स्टाप सेंटर कार्यालय में स्टाफ के साथ भी बैठक संपन्न कराई गई और उनको कार्यालय और वहां के स्टाफ से परिचित कराया गया।

# चित्रकूट। बंधोइन में बुधवार को अष्टमी के अवसर पर मेले

त्रित्रूट आयोजन हुआ। मां जालपा माता की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी।बनकट ग्राम पंचायत अंतर्गत बंधाईन मजरे में आयोजित इस मेले में भक्त नारियल, चना, बतासा, पान, अठवाई, हलुआ, अबीर और गुलाल लेकर पूजा में शामिल हुए। बंधोइन देवी पूजा समिति के अशोक यादव, हरीनारायण पटेल, प्रीतम पटेल, राजकुमार वर्मा और मंगल वर्मा ने मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मेला क्षेत्र में खान–पान, गृहस्थी और खिलौने की दुकानें भी सजी थीं। आसपास के दस से अधिक गांव के लोग भी मेले में पहुंचे।

# जांच को खून निकालते समय शिशु की कलाई में फंसी निडिल

चित्रकूट। जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में निमोनिया से पीड़ित दो माह की मासूम बच्ची के रक्त की जांच के दौरान निडिल उसकी कलाई के अंदर घुस गई। परिजन ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। हालांकि डाक्टरों ने ऑपरेशन थियेटर में ले जाकर निडिल को सुरक्षित बाहर निकाल दिया। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली सदर तहसील के कंठीपुर गांव निवासी हेमराज ने बताया कि उनकी दो माह की पुत्री प्रतिभा को कई दिनों से बुखार था। हालत में सुधार न होने पर बुधवार सुबह करीब पौने नौ बजे वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। शिशु वार्ड में डाक्टर ने बच्ची को देखने के बाद रक्त जांच कराने की सलाह दी। आरोप है कि वार्ड में मौजूद नर्स और कुछ प्रशिक्षुओं ने बच्ची की कलाई से खून लेने के लिए पतली निडिल लगाई। इसी दौरान निडिल कलाई के अंदर चली गई, जिससे वहां अफरा–तफरी मच गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद स्टाफ घबरा गया और तुरंत निडिल निकालने का प्रयास नहीं किया। सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. शैलेंद्र कुमार समेत कई डाक्टर मौके पर पहुंचे। करीब 40 मिनट बाद बच्ची को आपरेशन थियेटर में ले जाकर डा. रमेश कुमार ने मामूली प्रक्रिया के जरिए कलाई में फंसी निडिल को सुरक्षित निकाल दिया।

# सहायक उपकरण वितरण शिविर सम्पन्न, 214 दिव्यांग बच्चों को बाटे गये सहायक उपकरण

चित्रकूट। समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण के लिए बुधवार को प्राथमिक विद्यालय नया बाजार धनुष चौराहा में शिविर लगाया गया। इसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बच्चों को 214 उपकरण वितरित किए। सहायक उपकरण पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने कहा कि यह आयोजन दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा में लाने में सहायक साबित होगा।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडने में उपकरण सहायक होंगे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से उपकरण वितरण का कार्यक्रम चलता रहता है। इसमें ऐसे बच्चों के रजिस्ट्रेशन के बाद विभिन्न ब्लाक में शिविर लगाकर उपकरण वितरण करते हैं। सहायक उपकरण मिल जाने से ऐसे बच्चे बिना किसी की सहायता के भी एक स्थान से दूसरी जगह जाने, सुनने, पढ़ने में सक्षम होंगे।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने कहा कि विभाग दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग पेंशन, दुकान के लिए लोन सहित कई प्रकार की योजनाएं संचालित करता है। दिव्यांगजनों को समय समय पर सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। ताकि इनकी अन्य लोगों पर निर्भरता कम से कम हो। यहां पर 214 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए गए जिसमें ट्राईसाईकिल 27, ह्वील चेयर 43, सुगम्य केन (छड़ी) एक, रोलेटर तीन, ब्रेलकिट एक, टीएलएम किट 69, हियरिंग एड (सुनने की मशीन) 62, बैशाखी आठ शामिल रहीं। उन्होंने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्यामसुंदर, सभी स्पेशल एजूकेटर, दिव्यांग बच्चे, अभिभावक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज जंक्शन पर अनबुक्ड लगेज के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान

प्रयागराज। बिना टिकट यात्रा तथा अनबुक्ड लगेज पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से स्टेशनों एवं ट्रेनों में नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य रेलवे नियमों के प्रति यात्रियों में जागरूकता बढ़ाना, रेल प्रशासन की व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा राजस्व की हानि को रोकना है।

इसी क्रम में कल मंगलवार वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधकध् कोचिंग हरिमोहन के निर्देशन में प्रयागराज जंक्शन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में वाणिज्य निरीक्षक ज्ञानेश्वर पटेल, अमृत सागर भारती, मनीष कुमार मौर्य सहित 8 टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा स्टेशन से होकर गुजरने वाली गाड़ियों संख्या 12428, 12802, 20802, 12418, 15657 तथा 22582 की सघन जांच की गई।

जांच के दौरान गाड़ी संख्या 20802 नई दिल्लीदृइस्लामपुर मगध एक्सप्रेस से 02 पैकेट तथा गाड़ी संख्या 22582 से 32 पैकेट अनबुक्ड लगेज बरामद किए गए। कुल 840 किलोग्राम अनबुक्ड सामान पकड़ा गया, जिसके संबंध में संबंधित यात्रियों से रेलवे नियमों के अंतर्गत ध्19,955ध्– का जुर्माना वसूला गया। साथ ही दो पैकेट अनबुक्ड लगेज को एलपीओ में जमा कराया गया। इसके अतिरिक्त मगध एक्सप्रेस में पाए गए 119 किलोग्राम अनबुक्ड पैकेज, जिन्हें प्रयागराज जंक्शन पर नहीं उतारा जा सका, उन्हें वाणिज्य निरीक्षक मिर्जापुर एस. के. अकेला को सूचित कर मिर्जापुर स्टेशन पर उतरवाया गया, जहां संबंधित व्यक्तियों से ध्4,405ध्– का जुर्माना वसूला गया।

इसी क्रम में आज भी प्रयागराज जंक्शन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

### भगवान शिव के दर्द को महसूस करने और उसे अपने शरीर से बाहर आने देने के बारे में- अविनेश रेखी

प्रयागराज। पौराणिक शो 'गाथा शिव परिवार की– गणेश कार्तिकेय' अब अपने सबसे तीव्र चरण में पहुँच गया है, जहाँ कहानी भगवान शिव के प्रचंड तांडव तक पहुँचती है। इस शक्तिशाली दृश्य को अभिनेता अविनेश रेखी ने जीवंत किया है। देवी सती और भगवान शिव की भावनात्मक यात्रा के बाद अब कथा उस मोड़ पर आती है, जहाँ दुःख दिव्य क्रोध में बदल जाता है। अपने भव्य विजुअल्स और आध्यात्मिक गहराई के लिए मशहूर यह शो अब दर्शकों को एक ऐसा पल दिखाने जा रहा है, जो भावनात्मक रूप से बेहद गहरा और दृश्यों के मामले में विस्फोटक है। इस ऊर्जा को स्क्रीन पर उतारने के लिए अविनेश को गहन शारीरिक और भावनात्मक तैयारी करनी पड़ी।तांडव सीक्वेंस को इस ट्रैक का सबसे बड़ा और अहम् पल बनाने की योजना थी। कहानी धीरे–धीरे इस ब्रेकिंग पॉइंट तक पहुँचती है, जहाँ दर्द दिव्य क्रोध में बदलता है। इस दृश्य को बड़े पैमाने पर शूट किया गया, जिसमें ड्रामेटिक लाइटिंग, दमदार बैकग्राउंड म्यूजिक और शक्तिशाली कैमरा मूवमेंट्स का इस्तेमाल किया गया, ताकि इसकी तीव्रता को कैप्चर किया जा सके। कोरियोग्राफी इस तरह बनाई गई थी कि उसमें विनाश और भावनाओं दोनों का मेल दिखे। भारी कॉस्ट्यूम और लंबी जटा ने विजुअल इम्पैक्ट को और बढ़ा दिया।अपना अनुभव साझा करते हुए, अविनेश रेखी ने कहा कि तांडव की तैयारी मेरे लिए सबसे तीव्र अनुभवों में से एक रही। यह सिर्फ जोर से नृत्य करने के बारे में नहीं है, बल्कि भगवान शिव के दर्द को महसूस करने और उसे अपने शरीर से बाहर आने देने के बारे में भी है।

# प्रयागराज में हाउस टैक्स में 40: छूट, अप्रैल से लागू होगा नियम

## 20 साल पुराने भवनों के मालिकों को राहत, सदन में पास हुआ प्रस्ताव

प्रयागराज। नगर निगम अधिनियम के तहत अब शहरी क्षेत्र के 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के मालिकों को हाउस टैक्स में 40 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके लिए कोई आवेदन या आग्रह की जरूरत नहीं होगी। महापौर गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम सदन की बैठक में 2025–26 के पुनरीक्षित बजट के तहत इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।यह छूट अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी, जिससे पुराने शहर के निवासियों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। कीडगंज, दारागंज, रामबाग, बैहराना, चौक, शाहगंज, करेली, मालवीय नगर, मुंडेरवा और चकिया जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों के लोग इसका प्रमुख लाभान्वित होंगे। वॉर्ड–13 के पार्षद आकाश सोनकर के प्रस्ताव पर महापौर ने सदन में संकल्प पारित कराया। पार्षदों ने पुराने भवनों के मालिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए इस छूट को स्वागत योग्य बताया। बजट बैठक में नगर निगम का मूल बजट 2335 करोड़ रुपए से घटाकर 2100 करोड़ रुपए कर दिया गया, यानी 235 करोड़ की कटौती। इसका मुख्य कारण शासन से ग्रांट न मिलना बताया गया। वहीं, जलकल विभाग के बजट में बेहतर पेयजल व्यवस्था के लिए 31.40 करोड़ रुपयेए की वृद्धि की गई। नगर निगम का पुनरीक्षित बजट मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी आरके शर्मा ने प्रस्तुत किया। जबकि जलकल विभाग का बजट महाप्रबंधक कुमार गौरव और लेखाधिकारी सुजीत कुमार ने रखा। सदन ने शासन से बड़े बकायेदारों (व्यावसायिक और निजी भवन स्वामियों) के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू करने की भी मांग की। इसमें ब्याज छूट के साथ हाउस टैक्स जमा करने की सुविधा होगी। तीन दिनों में शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा और मंजूरी मिलने पर योजना अमल में आएगी।

# मैरिज लान के बाहर देर रात चलाई बम और गोलियां

## दो लोग घायल, एक को छर्रे लगे, दो हिरासत में

प्रयागराज। कीडगंज थाना क्षेत्र के बैरहना में मंगलवार आधी रात मैरिज लॉन के बाहर फायरिंग–बमबाजी कर बदमाशों ने सनसनी फैला दी। इसमें रितिक मिश्रा व सतीश पांडेय नाम के दो युवक जख्मी भी हुए हैं। घटना कीडगंज के बैरहना में पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई।दोनों रात में खाना खाकर लौट रहे थे और इसी दौरान यह वारदात हुई। सरेआम फायरिंग व बमबाजी से दहशत फैल गई। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्लापुर का रहने वाला रितिक अपने दोस्त सतीश के साथ बैरहना में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात एक बजे के करीब वह परिणय गेस्ट हाउस के पास था तभी वहां पहुंचे आधा दर्जन बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। जान बचाकर भागने पर दौड़ा– दौड़ाकर पीटा और इसके बाद असलहों से फायरिंग की। साथ ही बम भी चलाए। मैरिज लॉन के बाहर हुई इस घटना से अफरातफरी मच गई। फायरिंग व बमबाजी से इलाका दहल उठा। आसपास के लोग मौके पर जमा होने लगे तो हमलावर असलहे लहराते हुए भाग निकले। सूचना पर पुलिस पहुंची और फिर दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। चर्चा रही कि रितिक को छर्रे लगे हैं, हालांकि पुलिस ने इससे इंकार किया। बताया कि उसे मारपीट में चोटें आई हैं।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि हमलावरों में विभव प्रताप और आशुतोष के अलावा उनके अन्य साथी शामिल हैं। आशुतोष सांगीपुर प्रतापगढ़ का रहने वाला है और इससे पहले भी उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी कर्नलगंज राजीव कुमार यादव ने बताया कि रात में ही नाकेबंदी कराई गई।

# उच्च न्यायालय इलाहाबाद के नए चैम्बर आवंटन में धांधली का विरोध

प्रयागराज। आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चौम्बर आवंटन की प्रक्रिया का व्यापक स्तर पर विरोध अधिवक्ताओं द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष किया गया।अधिवक्ता साथियों को संबोधित करते हुए हरदेव सिंह ने कहा कि अधिवक्ता चौम्बर आवंटन में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है जो अधिवक्ता अभी तक वोट देने के लायक नहीं हो पाए है बार के कुछ लोगों द्वारा उनका नाम भी नई लिस्ट में शामिल किया गया है। इस से जो परमानेंट प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता साथी है उनको इस से वंचित रखा गया है।अधिवक्ता हरदेव सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय में चेंबर आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से ऑनलाइन एओआर डिटेल्स के माध्यम से लिस्ट बनाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। इस डिटेल में यह भी मांगा गया कि अगर आप हाई कोर्ट के वोटर हैं तो आपका ओटर नंबर क्या रहा है। चूंकि जो 2022 के पहले हाई कोर्ट में मेंबर नहीं बना था वह 2025 के चुनाव में वोटर नहीं था, इसलिए वह चेंबर आवंटन की प्रक्रिया से बाहर हो गया था। ऐसे में हाईकोर्ट की बड़े अधिवक्ता नेताओं के के बच्चे जो अभी हाईकोर्ट के वोटर नहीं बन पाए थे वह आवंटन प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे इसलिए इन बड़े अधिवक्ता नेताओं ने रजिस्ट्रार जनरल की प्रक्रिया को रुकवा दिया और कहा कि जो हाईकोर्ट बार लिस्ट बनाकर देगा उसी के आधार पर चौम्बर एलाट होगा।उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे मे बड़े अधिवक्ता नेता आम अधिवक्ताओं को चेंबर आवंटन की प्रक्रिया से बाहर कर देंगे और अपनी बेटे –बेटियों और पत्नियों के नाम भी चौम्बर एलाट करवा लेंगे जो हाईकोर्ट की वोटर नहीं है।

इसलिए आज अधिवक्तागण मांग करते हैं कि आवंटन की प्रक्रिया रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से ही की जाए, अगर ऐसा नहीं होता है तो हम सब एक बडेध आंदोलन को बाध्य होगे।प्रदर्शन करने वाले लोगों में हरदेव सिंह, सम्पन्न कुमार श्रीवास्तव, सुरेश पासी, अरुण पटेल, सौरभ पटेल, जीतेश मिश्रा, मोहितोष सिंह, अभिषेक, डी पी सिंह, राजेश शुक्ला, रिषभ प्रजापति, श्रीमती सरिता सहित बहुत सारे अधिवक्तागण मौजूद रहे

# टेट की अनिवार्यता के सवाल को लेकर बुधवार को भी जारी रहा शिक्षकों द्वारा पाती भेजने का अभियान

## निर्णायक आन्दोलन के लिये शिक्षकों को जागरूक कर रहे हैं पदाधिकारी-उदयशंकर शुक्ल

बस्ती। टेट की अनिवार्यता समाप्त किये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के आवाहन पर शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री (उ.प्र.), नेता प्रतिपक्ष भारत और यूपी को शिक्षकों की पाती भेजेने का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। शिक्षकों ने पाती भेजकर मांग किया कि टेट की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कराया जाय।यह जानकारी देते हुये उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के संयोजक उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि बुधवार को जनपद के परसुरामपुर, बनकटी, रामनगर, गौर, हर्रैया, कप्तानगंज, बहादुरपुर, दुबौलिया, विक्रमजोत, बस्ती सदर, साऊंघाट, कुदरहा, नगर क्षेत्र, रूधौली और सल्टौआ गोपालपुर में पदाधिकारियों ने विद्यालयवार भ्रमण कर शिक्षकों से पाती पर हस्ताक्षर कराकर सम्बंधित को डाक और ई मेल से भेजा गया। संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि पदाधिकारी हस्ताक्ष कराने के साथ ही आगामी 13 अप्रैल को जनपद स्तर पर मशाल जुलूस और 3 मई को लखनऊ में आयोजित महारैली में हिस्सा लेने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। यह जानकारी देते हुये उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि परसुरामपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार दूबे, मंत्री राजीव पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, कोषाध्यक्ष दिनेश वर्मा, संरक्षक सतीश शंकर शुक्ल, सुखराज गुप्ता, सुनीता देवी, ललिता यादव, अशोक कुमार सिंह, कीर्ति आर्या, कमलेन्द्र शुक्ल, बद्री विशाल पाण्डेय, राजकमल मिश्र, पाटेश्वरी प्रसाद सिंह, अजीत पाण्डेय, कमलेश कुमार सिंह, पूनम देवी, अर्चना चौधरी, संदीप वर्मा, कुदरहा विकास खण्ड में ब्लाक अध्यक्ष चन्द्रभान चौरसिया, बुधिराम यादव, ओम प्रकाश पाण्डेय, कृष्ण कुमार चौधरी, रविन्द्रनाथ वर्मा,, बनकटी में अभय सिंह यादव, नवीन कुमार, रामनगर में इन्द्रसेन मिश्र, राहुल उपाध्याय, गौर में विनोद यादव, हर्रैया में विकास पाण्डेय, कप्तानगंज में स्कन्द मिश्र, बहादुरपुर में रीता शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, दुबौलिया में रामपाल चौधरी, त्रिलोकीनाथ, दिवाकर सिंह, राजेश कुमार, विक्रमजोत मे सन्तोष शुक्ल, नरेन्द्र पाण्डेय, मुक्तिनाथ वमा, बस्ती सदर शैल शुक्ल, विजय वर्मा, साऊंघाट में अभिषेक उपाध्याय, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, ओम प्रकाश, अखिलेश चौधरी, नगर क्षेत्र में आनन्द सिंह, फैजान अहमद, रूधौली में राजेश चौधरी, योगेश्वर शुक्ल, सल्टौआ गोपालपुर में राम प्रकाश शुक्ल, रमेश विश्वकर्मा,

प्रमोद कुमार आदि के नेतृत्व में विद्यालयवार भ्रमण कर शिक्षकों को टेट समस्या से उत्पन्न स्थितियों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही शिक्षकों की पाती पर हस्ताक्षर कराकर सम्बंधित को डाक और ई मेल से भेजा गया। इसके साथ ही अनेक हिस्सों में शिक्षकों द्वारा पाती भेजी जा रही है।

# बौद्धिक संपदा के लिए छात्रों में जागरूकता उत्पन्न करें विश्वविद्यालय- न्यायमूर्ति सुधीर नारायण

## मुफ्त विश्वविद्यालय में आईपीआर पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में बुधवार को आयोजित बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा कि बौद्धिक संपदा को वैश्विक स्तर पर सुरक्षित करने के लिए बड़े कानूनी बदलाव की आवश्यकता है क्योंकि भारत में बौद्धिक संपदा के संबंध में जो भी नियम लागू हैं वह वैश्विक स्तर पर मान्य नहीं हैं।न्यायमूर्ति नारायण ने बौद्धिक संपदा अधिकार को विधिक परिपेक्ष्य में समझाते हुए बताया कि आईपीआर को लेकर भारत में अभी किसी अधिनियम का निर्माण नहीं किया गया। जिस प्रकार कॉपीराइट एक्ट की व्यवस्था है वैसी कोई व्यवस्था आईपीआर को लेकर नहीं है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को बौद्धिक संपदा अधिकार के संबंध में बड़े कदम उठाने चाहिए जिससे कि छात्रों के बीच जागरूकता उत्पन्न की जा सके। मुख्य वक्ता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की विधि विद्या शाखा की प्रोफेसर मानसी शर्मा ने कहा कि बौद्धिक संपदा के संबंध में व्यापक पैमाने पर जागरूकता की आवश्यकता है।

मनुष्यों द्वारा प्रतिपादित कोई भी मौलिक रचना, सृजन उसकी बौद्धिक संपदा के अंतर्गत आती है। इस संपदा को विधिक संरक्षण के द्वारा ही सुरक्षित करना आईपीआर का मुख्य उद्देश्य है। अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि बौद्धिक संपदा कभी अर्थपरक नहीं थी वरन् वह भारत में जनकल्याण के लिए हमेशा प्रयोग में लाई जाती रही। हमारे ऋषि मुनियों के पास बौद्धिक संपदा थी, ज्ञान था लेकिन उसका संबंध व्यवसाय से नहीं था। पश्चिमी सभ्यता में व्यवसाय महत्वपूर्ण हुआ। उद्घाटन सत्र में अतिथियों का वाचिक स्वागत प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी तथा विषय प्रवर्तन प्रोफेसर जे पी यादव ने किया।

# नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने किया निर्माणाधीन परियोजनाओ का निरीक्षण

बस्ती। नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बुधवार को क्षेत्र की अनेक परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अटल नगर वार्ड स्थित निर्माणधीन नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। इन्होंने इसे मार्च तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। इसे इको फ्रेंडली बनाने का सुझाव दिया। श्रीमती राना इसके बाद राजा उदय प्रताप नगर वार्ड में बन रहे अंतरिक्ष प्रयोगशाला और डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने का निर्देश दिया जिससे विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए। इसे वाई फाई और सोलर सिस्टम से जोड़ने निर्देश भी दिया।नगर पंचायत अध्यक्ष ने भगत सिंह नगर वार्ड में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क और गुरु प्रसाद नगर वार्ड में बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। इन दोनों परियोजनाओं में ठेकेदार ने बताया कि शासन द्वारा दूसरी किस्त नहीं मिलने के कारण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। श्रीमती राना ने निर्देश दिया कि शासन से समन्वय स्थापित कर धन अवमुक्त कराने की कार्यवाही की जाए और शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाए।

# एआई छात्रा की अश्लील फोटो बनाकर किया वायरल

प्रयागराज। सराय इनायत थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा का एक युवक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दिया जिससे छात्रा की शादी का रिश्ता टूट गया। छात्रा के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सराय इनायत थाना क्षेत्र की एक युवती बीटीसी की छात्रा है। सराय ममरेज थाना क्षेत्र का एक युवक एआई तकनीक से एडिट कर छात्रा का अश्लील फोटो बनाकर फोटो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को तकरीबन एक साल से ब्लैकमेल कर रहा था। इसी बीच छात्रा की शादी तय हो गई तो युवक शादी तोड़ने की धमकी देते हुए छात्रा पर दबाव बनाने लगा। छात्रा ने मना किया तो युवक ने किसी तरह छात्रा के होने वाले पति का मोबाइल नंबर लेकर कर अश्लील फोटो उसे भेज दिया। जिससे छात्रा का रिश्ता टूट गया। घटना से आहत छात्रा ने जान देने की कोशिश की पर परिजनों को पता चला तो अस्पताल ले गए जिससे उसकी जान बच गई।

# सम्पूर्णेश बाबू का खौफनाक अवतार, बिरयानी का पोस्टर हुआ आउट, 26 मार्च को फिल्म होगी रिलीज

दसारा की जबरदस्त कामयाबी के बाद निर्देशक श्रीकांत ओडेला और नेचुरल स्टार नानी एक बार फिर साथ आ रहे हैं फिल्म द पैराडाइज के साथ, जो इस वक्त देश की सबसे ज़्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में शामिल है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। इसी बीच मेकर्स ने एक नया कैरेक्टर पोस्टर जारी किया है, जिसमें सम्पूर्णेश बाबू शबिरयानीत्र के रोल में दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में उनका लुक इतना डरावना और प्रभावशाली है कि यह साफ संकेत देता है कि यह किरदार फिल्म में सबसे खतरनाक और यादगार भूमिकाओं में से एक होने वाला है।सोशल मीडिया पर द पैराडाइज के मेकर्स ने सम्पूर्णेश बाबू के किरदार बिरयानी का कैरेक्टर पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उनका लुक वाकई डराने वाला है और नाम भी उतना ही चौंकाने वाला। आमतौर पर कॉमेडी रोल्स के लिए पहचाने जाने वाले सम्पूर्णेश बाबू का यह बिल्कुल नया और गंभीर अवतार देखकर सभी हैरान रह गए हैं। फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश में रिलीज होगी। दिलचस्प बात यह है कि जब कॉमेडी करने वाले कलाकार गंभीर रोल निभाते हैं, तो कई बार वे कमाल कर दिखाते हैं। पुष्पा में सुनील का खतरनाक मंगालम सीनू हो या ध ुरंधर में राकेश बेदी का दमदार किरदार, ऐसे कई उदाहरण हैं। अब द पैराडाइस से साम्पूर्णेश बाबू का शबिरयानीत्र वाला यह जबरदस्त पोस्टर देखकर लगता है कि एक और यादगार और दमदार किरदार दर्शकों के सामने आने वाला है। इसके साथ ही द पैराडाइस को श्रीकांत ओडेला की एक और दमदार और बड़े पैमाने की फिल्म माना जा रहा है, जिसमें उनकी अलग पहचान वाली सोच साफ नजर आती है। उनकी फिल्मों में छोटी–छोटी बातों पर दिया गया ध्यान ही उन्हें खास बनाता है और हर प्रोजेक्ट को सुर्खियों में ले आता है। दसरा से निर्देशन की शुरुआत करने वाले ओडेला ने अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों और आलोचकों का दिल जीत लिया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ?100 करोड़ का आंकड़ा पार किया और नानी के करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हुई। कम समय में ही श्रीकांत ओडेला इंडस्ट्री में अपनी मजबूत जगह बना चुके हैं, और द पैराडाइस के साथ उनसे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं।उत्साह को और बढ़ाते हुए, फिल्म का ओरिजिनल म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है, जिसमें अनिरुद्ध और अर्जुन चांडी की आवाजें शामिल हैं। यह साउंडट्रैक शुरू से ही दर्शकों को कहानी की दुनिया में ले जाता है और हर पल के असर को और बढ़ा देता है। म्यूजिक फिल्म के माहौल को मजबूती देता है और पूरे सिनेमाई अनुभव को और खास बना देता है।एसएलवी सिनेमाज के बैनर तले बन रही द पैराडाइस 26 मार्च 2026 को बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, अंग्रेजी, स्पैनिश, बंगाली, कन्नड़ और मलयालम कुल आठ भाषाओं में दर्शकों तक पहुंचेगी।

# सनी देओल की फिल्म गबरू की नई रिलीज डेट आई सामने, अब 8 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म बॉर्डर 2 की सफलता को एंजॉय कर रहे हैं जो 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म के बाद सनी देओल के खाते में कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं जिनमें शशांक उदापुरकर की फिल्म गबरू भी शामिल है. सनी देओल ने इस फिल्म का ऐलान पिछले साल किया था और साथ ही इसका मोशन पोस्टर भी शेयर किया था जिसने लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी थी.पहले गबरू को 13 मार्च 2026 को रिलीज किया जाना था लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है. वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सनी देओल की अगली थिएटर रिलीज शगबरूत्र अब 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म का निर्देशन शशांक उदापुरकर ने किया है जबकि इसे विशाल राणा और ओम छंगानी ने प्रोड्यूस किया है. गबरू में सनी देओल एक मिडिल एज फैमिली मैन के किरदार में नजर आएंगे. कहानी एक ऐसे शख्स की है जिसकी जिंदगी अचानक आए कुछ हालात के बाद बदल जाती है. इन घटनाओं के जरिए वो खुद को दोबारा पहचानता है और जिंदगी को नए नजरिए से जीना सीखता है. ये रोल सनी देओल के अब तक के एक्शन इमेज से काफी अलग बताया जा रहा है.नई रिलीज डेट के साथ शगबरूत्र का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर अनन्या पांडे और लक्ष्य स्टारर फिल्म श्चांद मेरा दिलत्र से होगा जिसकी उसी दिन यानी 8 मई को रिलीज होने की उम्मीद है. वैरायटी इंडिया ने बताया की एक सूत्र की माने तो गबरू सनी देओल



के लिए सिर्फ एक और फिल्म नहीं बल्कि दिल से जुड़ी कहानी है जिसमें हिम्मत, पहचान और जज्बे जैसे मुद्दे दिखाए गए हैं. हाल ही में सनी देओल ने भी कहा था कि शगबरूत्र उनके दिल के बेहद करीब है. इस फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन और प्रीत कमानी भी अहम रोल में नजर आएंगे. फिल्म का म्यूजिक मिथुन ने दिया है जिसके बोल सईद कादरी, सतिंदर सरताज और अनुराग सैकिया ने लिखे हैं.

# जर्नलिज्म छोड़ अभिनय में बनाई पहचान, साउथ ही नहीं बालीवुड में भी श्रद्धा दास ने छोड़ी छाप

फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने अलग–अलग क्षेत्रों से आकर अभिनय की दुनिया में नाम कमाया है। ऐसी ही एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं श्रद्धा दास, जिन्होंने पत्रकारिता की डिग्री हासिल की, लेकिन किस्मत उन्हें एक्टिंग की ओर ले आई।आज वह साउथ सिनेमा का जाना–माना चेहरा हैं और बॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।

1987 को मुंबई के एक बंगाली परिवार में जन्मीं श्रद्धा ने मुंबई विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ मास मीडिया (जर्नलिज्म) की डिग्री हासिल की। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें अभिनय का शौक हो गया। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कलाकारों जैसे पीयूष मिश्रा और चितरंजन गिरी जैसे एक्टर्स के साथ थिएटर वर्कशॉप की, थिएटर में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।



श्रद्धा ने साल 2008 में तेलुगू फिल्म सिद्धु फ्रॉम सिकाकुलम से अभिनय की शुरुआत की, जिसमें वह अभिनेता नरेश के साथ नजर आईं। यह उनका साउथ डेब्यू था। तेलुगू के बाद उन्होंने तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया। साउथ में वह आर्या 2, डार्लिंग, नागावल्ली, और गुंटूर टॉकीज जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। वहीं, कई फिल्मों में उन्हें सीक्वल क्वीन का टैग भी मिला, क्योंकि वह कई सीक्वल में नजर आईं।

श्रद्धा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से साउथ और बॉलीवुड दोनों में मजबूत जगह बनाई। मॉडलिंग से शुरुआत करने वाली श्रद्धा ने एक्टिंग ट्रेनिंग पर खास ध्यान दिया। वह चुलबुली, तेज और रोमांटिक रोल्स में बखूबी जंचती हैं। श्रद्धा के बॉलीवुड में काम की बात करें तो उन्होंने डेब्यू साल 2010 में फिल्म लाहौर से किया, जिसमें उन्होंने इदा का किरदार निभाया था। इसके बाद दिल तो बच्चा है जी, लकी कबूतर, सनम तेरी कसम, ग्रेट ग्रैंड मस्ती जैसी फिल्मों में काम किया।सनम तेरी कसम में उनका किरदार दर्शकों को खासा पसंद आया। फिल्म में उनके किरदार का नाम रूबी रहता है। बॉलीवुड में वह सपोर्टिंग रोल्स में ज्यादा नजर आईं, लेकिन अपनी खूबसूरती, तेज–तर्रार अंदाज और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के बीच प्रभाव छोड़ा। श्रद्धा दास अब तक 50 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जो अलग–अलग भाषाओं में हैं।बेहतरीन एक्टिंग के साथ ही श्रद्धा एक शानदार डांसर भी हैं, जो उनके परफॉर्मेंस को और आकर्षक बनाता है। फिल्मों के अलावा वह वेब सीरीज और टीवी शोज में भी काम कर चुकी हैं।

# दो जी सिने अवार्ड मिलने पर बोलीं अनीत पड्डा, मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया

फिल्मी दुनिया में अक्सर हम कलाकारों की शानदार लाइफस्टाइल से आकर्षित होते रहते हैं। लेकिन इस शोहरत के पीछे उनकी मेहनत और संघर्ष होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री अनीत पड्डा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। दरअसल, उन्होंने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में दो बड़े अवॉर्ड्स जीते, जिसे उन्होंने अपने पिता को समर्पित किया।

अनीत पड्डा ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में बेस्ट डेब्यू फीमेल का अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही उन्हें व्यूअर्स चॉइस बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान भी मिला। स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंची अनीत ने अपनी स्पीच में सबसे पहले अपने पिता का जिक्र किया और कहा, मैं इस जीत का श्रेय अपने पापा को देती हूं। यह पल मेरे जिंदगी के सबसे इमोशनल पलों में से एक है।मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया है। मेरे पापा भी एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब उनकी बेटी ने उनका यह सपना पूरा किया है। मैंने अपने पापा के इस सपने को



जिया है। अनीत ने पंजाबी भाषा में अपने पापा से कहा, अब आपका सपना आपकी बेटी के जरिए पूरा हो गया है।जब आप कहते थे कि मैं अपना सपना तुम्हारे जरिए जी रहा हूं, तो मुझे एहसास होता था कि मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पापा के सपने को भी साकार कर रही हूं। स्पीच में अनीत पड्डा ने आगे कहा, मैं अपनी जिंदगी में कभी इतनी खुश नहीं हुई हूं। पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं और आपकी वजह से ही आज इस मुकाम पर हूं।उन्होंने आगे फिल्मों को लेकर कहा, जब लोग फिल्मों और शोज में किसी कलाकार के अभिनय पर तालियां बजाते हैं, तो वह तालियां सिर्फ उस अभिनेता के लिए नहीं होतीं। असल में यह तालियां उस कहानी के लिए होती हैं जो स्क्रीन पर दिखाई जा रही होती है, और वह कहानी लोगों की जिंदगी और उनके अनुभवों से जुड़ी होती है।

# विलाया थंडावम से कार्तिक राजू का दमदार फर्स्ट लुक जारी हुआ

सशक्त कथानक और अपरंपरागत विषयों वाली पटकथाओं को चुनकर, युवा नायक कार्तिक राजू धीरे–ध ीरे फिल्म उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। इसी शैली को अपनाते हुए, वे अब आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म विलाया थंडावम में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस हाई वोल्टेज थ्रिलर का निर्देशन वी.एस. वासु ने किया है। इस फिल्म में कार्तिक राजू के साथ पार्वती अरुण और पुष्पा फेम जगदीश भी अहम भूमिकाओं में हैं। जीएमआर मूवी मेकर्स की यह पहली फिल्म है, जिसे मंडला धर्म राव और गुम्पु भास्कर राव द्वारा निर्मित किया जा रहा है। गौरतलब है कि दशहरा उत्सव के दौरान जारी किए गए टाइटल पोस्टर ने काफी हलचल मचाई और दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। बढ़ती उत्सुकता को और बढ़ाते हुए, निर्माताओं ने क्रिसमस के विशेष उपहार के रूप में फिल्म का पहला लुक पोस्टर जारी किया है। यह आकर्षक पोस्टर ऊर्जा से भरपूर है, जो जबरदस्त एक्शन और एक दमदार कहानी का संकेत देता है। चारों ओर आग की लपटें फैली हैं, जले हुए अवशेष बिखरे पड़े हैं, पास में एक टूटा हुआ फोटो फ्रेम पड़ा है, और नायक के हाथ पर आग की लपटें उठ रही हैं। सिर पर पट्टी बांधे और दृढ़ निश्चय से भरी निगाहों के साथ, कार्तिक राजू आक्रामक और प्रभावशाली अवतार में नजर आते हैं, जो साहस और क्रोध से ओतप्रोत एक किरदार का वादा करते हैं।अखिल भारतीय रिलीज के लिए बनाई जा रही फिल्म विलाया थंडावम की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में प्रोडक्शन टीम से और अधिक अपडेट मिलने की उम्मीद है।

# रिलीज से पहले ही धुरंधर 2 ने कर ली करोड़ों की कमाई, इन फिल्मों के रिकर्ड़ तोड़ने पर नजर

रणवीर सिंह एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए तैयार हैं. वो फिल्म धुरंधर 2 लेकर आ रहे हैं. फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड ब्रेकिंग कमाई करने की खबरें हैं. पेड प्रिव्यूज की एडवांस बुकिंग में ही फिल्म ने करोड़ों कमा डाले हैं.सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर 2 के पेड़ प्रिव्यूज की एडवांस बुकिंग की बत करें तो फिल्म के टोटल 1 लाख 42 हजार टिकट बिक चुके हैं. फिल्म ने अभी तक 8. 83 करोड़ की कमाई कर ली है. फिल्म के टोटल 6684 शोज हैं, जिनमें से 6457 शोज हिंदी भाषा में हैं. हिंदी में फिल्म के 1 लाख 35 हजार टिकट बिक चुके हैं. वहीं ब्लॉक सीट्स के साथ फिल्म ने 13. 25 करोड़ की कमाई कर ली है. सबसे ज्यादा ऑक्यूपेंसी अभी तक दिल्ली एनसीआर में है. फिल्म को दिल्ली एनसीआर के शोज में 13 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली है. वहीं मुंबई में 12 परसेंट, पुणे में 12 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली है.फिल्म की जिस हिसाब से एडवांस बुकिंग हो रही है और अभी 10 दिन बाकी हैं



फिल्म रिलीज में. धुरंधर 2 के जल्द हाईएस्ट एडवांस बुकिंग वाली फिल्मों की लिस्ट में आने की उम्मीदें हैं.नेशनल चेन्स में हाईएस्ट एडवांस बुकिंग टॉप 5 फिल्मों की बात करें तो इसमें पहले नंबर पर एवेंजसरू एंडगेम है. फिल्म के 9 लाख 75 टिकट बिके थे. दूसरे नंबर पर बाहुबली 2 है. फिल्म के 6 लाख 50 हजार टिकट बिके थे. तीसरे नंबर पर शाहरुख खान की जवान है. जवान के 5 लाख 57 हजार टिकट बिके थे. चौथे नंबर पर पठान है. पठान के 5 लाख 56 हजार टिकट बिके थे. पांचवें नंबर पर स्पाइडर मैनरू नो वो होम है. फिल्म के 5 लाख 50 हजार टिकट बिके थे. फिल्म की बात करें तो इसे आदित्य धर ने बनाया है. इस फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं. वहीं फिल्म में संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन जैसे स्टार्स हैं. फिल्म को लेकर फैंस बहुत बेसब्र हैं. ये फिल्म दिसंबर 2025 में आई धुरंधर का दूसरा पार्ट है.

# ग्रीन टी पीते समय न करें ये 5 गलतियां, स्वास्थ्य पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

ग्रीन टी को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है क्योंकि यह एंटी–ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है। हालांकि, कई लोग इसे पीते समय कुछ गलतियां कर देते हैं, जिनसे इसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता। कई लोग ग्रीन टी का सही तरीके से सेवन नहीं करते हैं, जिससे उन्हें उससे उतना लाभ नहीं मिल पाता। आइए जानते हैं कि ग्रीन टी का सेवन करते समय किन–किन गलतियों से बचना चाहिए।बहुत गर्म ग्रीन टी पीनाबहुत गर्म ग्रीन टी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपके गले और पेट में जलन हो सकती है। इसके अलावा यह आपके खाने को पचाने की प्रक्रिया को भी प्रभावित कर सकता है। ग्रीन टी को हमेशा हल्का गर्म या सामान्य तापमान पर ही पिएं। ऐसा करने से आपको इसका पूरा लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसलिए ग्रीन टी को हमेशा सामान्य तापमान पर ही पिएं।खाली पेट ग्रीन टी न पिएंखाली पेट ग्रीन टी पीने से आपके पेट में एसिड बढ़ सकता है, जिससे जलन या गैस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा खाली पेट ग्रीन टी पीने से खाने को पचाने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। हमेशा थोड़ी मात्रा में कुछ खाने के बाद ही ग्रीन टी का सेवन करें। इससे आपको इसका पूरा लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# द केरला स्टोरी 2 ने नौवें दिन किया बश्क्स अश्फिस पर धमाका, कर डाली इतनी कमाई

द केरला स्टोरी 2 रिलीज से पहले से ही खबरों में हैं. फिल्म अपने कंटेंट की वजह से विवादों में रही. फिल्म को एजेंडा फिल्म बताया गया. द केरला स्टोरी को ठीक–ठाक रिव्यू मिले हैं. अब बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के कलेक्शन में ग्रोथ देखने को मिल रही है. आइए डालते हैं द केरला स्टोरी 2 के कलेक्शन पर नजर.सैकनिल्क के मुताबिक, द केरला स्टोरी 2 ने दूसरे शनिवार को



3.75 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म के दूसरे शनिवार के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल सामने नहीं आए हैं. लेकिन अगर फिल्म ने नौवें दिन 3.75 करोड़ की कमाई की है. तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 29.40 करोड़ हो गया है.फिल्म को नौवें दिन 15.13 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. मॉर्निंग शोज में फिल्म को 8.03 परसेंट, दोपहर के शोज में 14. 24 परसेंट, शाम के शोज में 14.82 परसेंट और रात के शोज में 23.44 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली.बता दें कि द केरला स्टोरी 2 ने सिर्फ 75 लाख से ओपनिंग की थी. लेकिन दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 520 परसेंट की ग्रोथ दिखी. फिल्म ने 4.65 करोड़ की कमाई की. तीसरे दिन फिल्म ने 4.75 करोड़ कमाए. चौथे दिन फिल्म ने 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया. पांचवें दिन फिल्म ने 4 करोड़ कमाए. छठे दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ का बिजनेस किया. सातवें दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया. पहले हफ्ते में फिल्म का टोटल कलेक्शन 22. 9 करोड़ रहा. आठवें दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ कमाए थे.इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह ने डायरेक्ट किया है. फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में उल्का गुप्ता, अदिती भाटिया, ऐश्वर्या ओझा, सुमित गहलावत और अर्जुन सिंह औजला लीड रोल में हैं. फिल्म में तीन ऐसी लड़कियों की कहानी दिखाई गई है, जिन्हें दूसरे धर्म के लड़कों से प्यार होता है और वो घरवालों के खिलाफ जाकर शादी कर लेती हैं. इसके बाद वो अपनी जिंदगी में परेशानियों का सामना करती हैं.।

# हिचकी से परेशान हैं? इन 5 असरदार घरेलू नुस्खों को आजमाएं

हिचकी एक आम समस्या है, जो कभी भी हो सकती है। यह अक्सर अचानक से आती है और कई बार बहुत परेशान करती है। हिचकी आने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि तेज खाना, ठंडा पेय पीना या पेट का फूलना। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप हिचकी को तुरंत रोक सकते हैं और इससे राहत पा सकते हैं।नींबू का उपयोग करेंनींबू का खट्टा स्वाद दिमाग को उत्तेजित करता है और हिचकी को रोकने में मदद कर सकता है। एक छोटे से नींबू का रस निकालकर उसे धीरे–धीरे पीएं या फिर नींबू के टुकड़े को चूसें। इससे आपकी जीभ की नसें सक्रिय हो जाएंगी और हिचकी बंद हो सकती है। इसके अलावा नींबू का सेवन पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस भी कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है।चीनी का सेवन करेंचीनी का मीठा स्वाद भी हिचकी रोकने में मदद कर सकता है। एक चम्मच चीनी को मुंह में डालकर धीरे–धीरे चूसें। इससे आपकी जीभ की नसें उत्तेजित होती हैं और हिचकी बंद हो सकती है। इसके अलावा चीनी का सेवन ऊर्जा भी देता है और आपकी मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है, जिससे हिचकी की समस्या जल्दी खत्म होती है। यह एक सरल और असरदार घरेलू नुस्खा है, जिसे आप आसानी से अपना सकते हैं।ठंडा पानी पिएंठंडा पानी पीने से भी हिचकी जल्दी रुक सकती है। ठंडा पानी पेट को ठंडा करता है और मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है, जिससे हिचकी बंद हो जाती है। इसके अलावा ठंडा पानी पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है। एक गिलास ठंडा पानी धीरे–धीरे पिएं ताकि यह आपकी गले की नसों पर सही तरीके से असर कर सके। सेब के सिरके का प्रयोग करें सेब के सिरके का खट्टा स्वाद भी हिचकी रोकने में काम आ सकता है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।